www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhupl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 214 । भोपाल, गुरूवार 3 अगस्त 2023। पृष्ठ–8। मूल्य – 3.00 रुपए

महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहीं घटनाओं पर रोक लगे पृष्ठ 2
▪ कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा भी उसी की राह पर पृष्ठ 4
▪ कृषि मंत्री ने मंडी में विकास कार्यों का किया लोकार्पण पृष्ठ 6
बेटियों के प्रति भेदभाव को दूर करने बनाई गई लाड़ली लक्ष्मी योजना पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### चुनावी गड़बड़ी को लेकर देवेगौड़ा के बेटे को समन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को एच.डी. रेवन्ना को एक समन जारी किया। रेवन्ना, जद(एस) विधायक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पुत्र हैं। राज्य में हाल ही के विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक याचिका के संबंध में समन जारी किया गया। चुनावी गड़बड़ी को लेकर न्यायमूर्ति ज्योति मुलिमानी की अध्यक्षता वाली पीठ ने पराजित उम्मीदवार देवराजे गौड़ा की याचिका पर गौर करते हुए समन जारी किया।

### बारामूला में 2 आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। उनकी पहचान बंगला बाग बारामूला निवासी फैसल मजीद गनी और बाग-ए-इस्लाम ओल्ड टाउन बारामूला निवासी नूरुल कामरान गनी के रूप में हुई है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ 6 को प्रदर्शन करेगी टीएमसी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार के खिलाफ 6 अगस्त को तृणमूल कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र बंगाल को फंड नहीं दे रहा है। इसी वजह से उनकी पार्टी केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

### दूषित पानी पीने से 2 की मौत

**चित्रदुर्ग/कर्नाटक, एजेंसी।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य बीमार पड़ गए। अस्वस्थ लोगों में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मंजुला व रघु के रूप में की गई, दोनों चित्रदुर्ग के बाहरी इलाके कवाडीगरहट्टी के निवासी थे। सूत्रों ने बताया कि मंजुला की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि रघु, जो पानी पीने के बाद बेंगलुरु चला गया था, में गंभीर लक्षण विकसित हुए और बाद में उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई व अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से शहर नगर पालिका द्वारा आपूर्ति किए गए पानी का सेवन नहीं करने को कहा है।

### मासूम की बस से कुचलकर मौत

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में बुधवार को एक भीषण दुर्घटना में अपने पिता के साथ स्कूल जा रही आठ वर्षीय बच्ची की बस से कुचलकर मौत हो गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा दिक्षिता अपने पिता के साथ स्कूटी से स्कूल जा रही थी। यह हादसा बाचुपल्ली में हुआ। दोपहिया वाहन सड़क पर एक गड्ढे से टकराने के बाद फिसल गया। पिता और बेटी दोनों सड़क पर गिर गये। बच्ची पीछे से आ रही प्राइवेट बस के पहिये के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हृदय विदारक दृश्य तब देखने को मिला जब मां छोटी बेटी के शव को लेकर सड़क के पास बैठी रही। पुलिस ने चालक को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

### बादल फटने से 59 सड़कें हुई बंद

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मंगलवार रात से हो रही भारी बरसात का असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ा है। नैनीताल के कोटाबाग में जहां बादल फटने से चार दर्जन मकानों और गौशाला में मलबा घुसने की सूचना है वहीं भूस्खलन के चलते पहाड़ों में 59 सड़कें अवरूद्ध हैं। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीन बार्डर मार्ग भी बंद पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोटाबाग के ओखलढूंगा में बादल फटने से चार दर्जन से अधिक घर और गौशाला पानी और मलबा की चपेट में आ गये। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को विस्थापित कर दिया है। फसलों को भी नुकसान की सूचना है। इसके साथ ही जनपद में 25 सड़कें अवरूद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक 19 मार्ग मलबा आने के चलते बंद हैं जबकि जिले में पांच राज मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गये हैं और यहां आवाजाही बंद है।

### दिल्ली विधेयक का समर्थन करने वाले देश विरोधी : चड्ढा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने संसद में पेश हुए दिल्ली सेवा विधेयक को लेकर कहा कि उन्होंने (बीजद, वाईएसआरसीपी) किसी वजह से ही दिल्ली सेवा विधेयक को समर्थन दिया होगा लेकिन जो इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें देश विरोधी के तौर पर याद रखा जाएगा। हम देश के संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई है।

मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन

# मणिपुर मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिले विपक्षी दलों के नेता

- राष्ट्रपति मुर्मू से दखल देने की अपील की
- प्रतिनिधिमंडल में 31 दलों के नेता थे शामिल



**मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा कराने से बच रही है। विपक्ष को संसद में सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कई बार माइक बंद कर दिया गया, जो बताता है कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं करना चाहती हैः मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नवगठित 'इंडिया'सांसदों के दो दिवसीय मणिपुर दौरे से लौटने के बाद बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में विपक्ष के 31 सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें राज्य के हालात की जानकारी दी और एक ज्ञापन भी सौंपा। सभी नेताओं ने एक स्वर में मणिपुर मामले में राष्ट्रपति से दखल देने की अपील की।

मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहाकि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के 31 सांसदो ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान मणिपुर का दौरा करने वाले 21 सांसदो ने राष्ट्रपति को बताया कि राज्य में किस तरह की घटनाएं हो रही हैं और कैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, पुनर्वास कार्य और अन्य स्थितियों के बारे में जानकारी दी। सांसदो ने राष्ट्रपति को जानकारी दी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में लोगों के पास खाना और पानी का अभाव है। बीमार लोगों के लिए इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। खड़गे ने कहाकि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वे इसे जरूर देखेंगी। इसके अलावा ज्ञापन के माध्यम से 'इंडिया' के सांसदो ने मांग किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूबे का दौरा करें और वहां शांति बहाली के लिए जरूरी कदम उठाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा कराने से बच रही है। विपक्ष को संसद में सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कई बार खुद उनका माइक बंद कर दिया गया। जो बताता है कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं करना चाहती है।

### विपक्ष ने मणिपुर मामले पर किया बॉयकॉट

राज्यसभा ने बुधवार को एक विधेयक पारित किया जो देश की सीमाओं के 100 किलोमीटर के भीतर की भूमि को संरक्षण कानूनों के दायरे से बाहर रखता है और वन क्षेत्रों में चिड़ियाघर, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं की स्थापना की अनुमति देता है। संसद के उच्च सदन ने संक्षिप्त बहस के बाद वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 पारित कर दिया, हालांकि विपक्ष ने मणिपुर में जातीय हिंसा पर वॉकआउट किया। लोकसभा ने 26 जुलाई को इस विधेयक को पारित कर दिया था।

### लगातार हंगामे से ओम बिड़ला नाराज

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वे लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिथुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली।

नूंह हिंसा पर खट्टर का गैरजिम्मेदाराना बयान

# पुलिस, सेना सबको सुरक्षा नहीं दे सकती



### हिंसा में अब तक 6 लोगों की गई जान

**नूंह, एजेंसी।** नूंह हिंसा के बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को कहा कि सरकार हर आदमी को सुरक्षा नहीं दे सकती। इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा, हर व्यक्ति की सुरक्षा ना पुलिस कर सकती है, ना ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा। उन्होंने इस दौरान बताया कि राज्य में केंद्रीय बलों की 20 टुकड़ियों को तैनात किया गया, उनमें से 14 को नूंह में, तीन को पलवल, दो को गुरुग्राम और एक टुकड़ी को फरीदाबाद में तैनात किया गया है।

मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को कहा कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड समेत छह लोग मारे गए और इन मामलों में 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि नूंह में झड़प के बाद अन्य स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब सामान्य है।

नूंह की आंच फरीदाबाद तक पहुंची

### उपद्रवियों ने धार्मिक स्थल में की तोड़फोड़


**फरीदाबाद, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में जलाभिषेक यात्रा के दौरान भड़की हिंसा की आग बुधवार को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में भी पहुंच गई है। रघुवीर कॉलोनी और गांव मंझावली में बने धार्मिक स्थल पर करीब 70 असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। पथराव कर एक जगह धार्मिक स्थल के दरवाजे व शीशे तोड़ दिए। दूसरी जगह अंदर रखी धार्मिक किताबें व स्पीकर को चुरा ले गए। इससे गांवों में डर और तनाव का माहौल है। घटना की सूचना के बाद दोनों जगह पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

### नफरती भाषणों पर तत्काल कार्रवाई करें



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में भड़की हिंसा के मद्देनजर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से आयोजित रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश का पालन सुनिश्चित करने का उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को बुधवार को निर्देश दिया, जिसमें समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण तथा बयानों के अलावा सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए स्वतः संज्ञान कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी भट्टी की पीठ ने केरल के मल्टी मीडिया पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह द्वारा किए गए तत्काल उल्लेख पर विशेष सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

## कला निर्देशक नितिन देसाई ने अपने स्टूडियो में फांसी लगाई



- नितिन देसाई को मिले थे चार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- आर्थिक तंगी व स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझने की खबरे

**मुंबई, एजेंसी।** जाने-माने कला निर्देशक नितिन देसाई ने बुधवार सुबह खुदकुशी कर ली। उन्होंने मुंबई के नजदीक कर्जत में अपने एनडी स्टूडियो में सुबह करीब 3.30 बजे फांसी लगाई। उनकी उम्र 58 साल थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार देसाई मंगलवार रात 10 बजे अपने कमरे में चले गए थे। आज सुबह काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आए तो उनके बॉडी गार्ड और दूसरे लोगों ने दरवाजा खटखटाया। खिड़की से देखा गया तो देसाई का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। आत्महत्या की 2 वजहें सामने आ रही हैं। एक आर्थिक तंगी, दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्या। हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। उनके परिवार में दो बेटी और एक बेटा है। दोनों बेटी अमेरिका में रहती हैं। बेटा पढ़ाई कर रहा है। नितिन ने हम दिल दे चुके सनम, लगान, देवदास, जोधा अकबर और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों के सेट डिजाइन किए थे। उन्हें चार बार बेस्ट आर्ट डायरेक्शन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। आखिरी बार उन्होंने फिल्म पानीपत के लिए काम किया था।

### 'तमस' से शुरू किया था कॅरियर

नितिन ने 1987 में टीवी शो 'तमस' से अपना करियर शुरू किया था। वह 13 दिन और 13 रात उसी सेट पर रहे। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, उस वक्त अगर 15 मिनट नहाने भी जाते तो लगता था कि वह अपना 15 मिनट बर्बाद कर रहे हैं।

36 राज्यों के 8 सौ कलाकार बिखेरेंगे सतरंगी छटा

# राष्ट्रपति आज भोपाल में उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव का शुभारंभ करेंगी



### राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एक दिवसीय प्रवास पर 3 अगस्त को भोपाल आ रही हैं। वे गुरुवार सुबह साढ़े 11 बजे रवीन्द्र भवन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी और मप्र साहित्य अकादमी के सहयोग से भोपाल में पहली बार 3 से 5 अगस्त तक भारत की लोक और जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' का शुभारंभ करेंगी।

इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। उत्कर्ष उत्सव में देश के 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 8 सौ कलाकार लोक व जनजातीय कलाओं की सतरंगी छटा बिखेरेंगे।

उत्सव के पहले दिन गुरुवार को शाम 5 बजे से विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। लेह और लद्दाख का जबरो नृत्य, नागालैंड का सुमी वार, गोवा का समय, सिक्किम का सिंघी छम, मप्र का राई व नरेरी, मेघालय का बांग्ला, महाराष्ट्र का लावणी, असम का बीहू, ओडिसा का सिंगारी, झारखंड का पाईका और आंध्र प्रदेश के टप्पेटा गुल्लू नृत्य होंगे।

दूसरे दिन अरुणाचल प्रदेश का आजी लामू नृत्य, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी नाटी, छत्तीसगढ़ का पंथी, राजस्थान का कालबेलिया, असम का तिवा, हरियाणा का फाग, उत्तर प्रदेश का मयूर रास, झारखंड का नागपुरी झूमुर, मणिपुर का ढोल चोलम एवं थांग टा, तमिलनाडु का करगट्टम, पश्चिम बंगाल का नटुवा, कर्नाटक का पूजा कुनिथा और गुजरात का मणीयारो रास नृत्य की कलाकार पेशकश करेंगे। अंतिम दिन 5 अगस्त को कश्मीर का रौफ नृत्य, सिक्किम का सोराठी, बिहार का झिझिया, त्रिपुरा का होजागिरी, छत्तीसगढ़ का गौड़ मारिया, केरला का पुलकली, उत्तराखंड का छपेली, ओडिशा का गोटीपुआ, पंजाब का भांगड़ा, पश्चिम बंगाल का पुरुलिया छऊ, तेलंगाना का ओग्गू डोलू और मध्यप्रदेश के गुदुम बाजा नृत्य की प्रस्तुति होगी।

### एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मेलन है 'उन्मेष'

उन्मेष उत्सव एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मेलन है। इसमें बहुभाषी कविता पाठ, लेखन पाठ, आदिवासी कवि सम्मेलन, साहित्य के विषयों पर परिचर्चा, आजादी का अमृत महोत्सव पर कविता पाठ और साहित्य के उत्थान संबंधी विभिन्न विषय पर प्रबुद्धजन द्वारा विमर्श किया जाएगा। साथ ही पुस्तक मेला में साहित्य अकादमी और अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें बिक्री के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। साहित्य अकादमी द्वारा प्रख्यात लेखकों पर बनी डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी।

## टमाटर और भी हुआ लाल

- आपूर्ति में कमी के कारण भाव फिर उछले
- खुदरा स्टोर्स पर 259 रुपए प्रति किलो दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में टमाटर की कीमतों में एक बार फिर उछाल दिख रहा है। खुदरा स्टोर्स पर 259 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से इसकी बिक्री हो रही है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण टमाटर की कीमतों पर एक महीने से अधिक समय से दबाव बना हुआ है। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद 14 जुलाई से रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी में इसकी खुदरा कीमतों में नरमी आई थी, लेकिन कम आपूर्ति के कारण भाव फिर चढ़ गए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार टमाटर की खुदरा कीमत बुधवार को 203 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए, जबकि मदर डेयरी के सफल रिटेल स्टोर्स पर कीमत 259 रुपए प्रति किलोग्राम रही।

**आजादपुर मंडी में भी 200 के पार**-एशिया की सबसे बड़ी थोक फल और सब्जियों की मंडी आजादपुर मंडी में टमाटर का थोक भाव बुधवार को गुणवत्ता के आधार पर 170-220 रुपए प्रति किलो रहा। आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक के अनुसार, पिछले तीन दिनों में टमाटर की आवक कम हो गई है।

शासन ने अधिसूचना जारी कर मांगे दावे-आपत्तियां

# नए नागदा जिले के गठन की प्रक्रिया शुरू

● कैलाश सनोलिया



**नागदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में अब शीघ्र नए नागदा जिले का सर्जन होगा। उज्जैन जिले में स्थित औद्योगिक नगर नागदा को जिला बनाने के लिए शासन ने अधिसूचना जारी कर दावे-आपतियां आंमत्रित किए हैं। अधिसूचना के अनुसार भू राजस्व संहिता 1959 की धारा की उपधारा के तहत राज्य सरकार द्धारा उज्जैन एंव रतलाम जिले की सीमाओं को परिवर्तित करते नए जिले के सृजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। कमलनाथ सरकार में 18 मार्च 2020 को नागदा चाचौड़ा, एवं मैहर को जिला बनाने की स्वीकृति मंत्रिमंडल में पारित की थी। लेकिन बाद में सरकार के गिर जाने से यह प्रक्रिया लगभग सवा तीन वर्षो से ठंडे बस्ते में पड़ी रही। अब सरकार ने अधिसूचना जारी कर 26 अगस्त तक दावे-आपतियां आंमत्रित की हैं। हालांकि अधिसूचना में चाचौड़ा एवं मैहर का नाम शामिल नहीं है।

यह मांग सबसे पहले कांग्रेस विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने वर्ष 2008 में उठाई थी। बाद में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वर्ष 2013 एवं 2018 में नागदा आगमन पर सभाओं में घोषणा की थी, लेकिन बाद में विधानसभा में आए जवाबों में तत्कालीन राजस्व मंत्रियों ने इस प्रकार की घोषणा से इंकार कर दिया। लगातार जन आंदोलन एवं शहर बंद भी इस मांग को लेकर हुए, शहर से भोपाल तक लगभग 250 किमी की पदयात्रा भी गैर राजनैतिक हुई। कांग्रेस की इस मांग के बाद भाजपा ने भी इसका समर्थन किया। गत 19 जुलाई को कांग्रेस ने शहर बंद किया। दूसरे दिन 20 जुलाई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नागदा विकास पर्व कार्यक्रम में आए और एक फिर घोषणा की। जसके आधार पर अब दावे-आपत्तियां आंमत्रित की गई।




### कमलनाथ मंत्रिमंडल में 18 मार्च 2020 को नागदा, चाचौड़ा एवं मैहर को जिला बनाने की मिली थी मंजूरी

### इस प्रकार का होगा प्रारूप

अधिसूचना के अनुसार अब नए नागदा जिले में महिदपुर को हटाया जा रहा है। पूर्व के परीक्षण में इसे शामिल किया गया था। बताया जा रहा हैकि महिदपुर के भाजपा विधायक बहादुरसिंह चौहान महिदपुर को जिला बनाने के लिए अड़े हुए थे। इसलिए मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा में यह भी स्पष्ट किया थाकि राजी-खुशी से जो क्षेत्र मिलना चाहेंगे उन्हे ही मिलाया जाएगा। अब प्रस्तावित नागदा जिले में वर्तमान में नागदा, खाचरौद एवं जिला रतलाम की तहसील आलोट का संपूर्ण क्षेत्र समाविष्ट होगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नागदा क्षेत्र की जनसंख्या 2 लाख 37 हजार 996, खाचरौद 1 लाख 61 हजार 270 एवं आलोट की 1 लाख 11 हजार 636 आबादी नए जिले में मिलेगी। उन्हेल क्षेत्र के 28 गांवों को भी शामिल किया जाएगा।

### 15 वर्षों से कर रहे थे मांग



कांग्रेस विधायक दिलीपसिंह गुर्जर का कहना है कि इस मांग को वे लगातार 15 वर्षा से उठाते आए हैं। उनकी सोच को जनता ने पंसद किया और आखिकार सरकार को मांग माननी पड़ी। वर्ष 2008 से ही प्रदेश में भाजपा की सरकार रही। जैसे ही वर्ष 2018 में कमलनाथ सरकार आई कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल में इस प्रस्ताव को मंजूर किया। तत्कालीन मुख्य सचिव एम गोपाल रेड्डी ने दिनांक 18 मार्च 2020 को इसकी स्वीकृति का आदेश जारी किया था। लेकिन सरकार गिरने से बाद यह कार्यवाही अटक गई थी।

## सार समाचार

### सेवानिवृति के दूसरे दिन भी समारोह आयोजित कर दी विदाई



**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया को समारोह आयोजित कर शॉल श्रीफल, पुष्पगुच्छ, पुष्पहार पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने बताया कि गत दिवस श्री सिसोदिया को उनकी मूल संस्था में एक गरिमाई समारोह आयोजित कर उनको विद्यालय से विधाई दी गईं थी।

ज्ञात हो कि श्री सिसोदिया नगर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड गुना में पधारे थे। यहां पर उनके मित्र कार्यपालन यंत्री मुकुल स्वरूप भटनागर एव लोक निर्माण विभाग के सक्रिय कर्मचारी नेता संतोष सिंह परिहार के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत कर उनकी सेवानिवृति पर बधाई दी गई। सम्मान से अभिभूत श्री सिसोदिया ने कहा की जो स्नेह मुझे आप लोगों के द्वारा दिया हैं, मैं उसको बेकार नहीं जाने दूंगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष प्रद्युमन सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चौहान, मोहन प्रसाद पालीवाल, फतहगड़ के प्राचार्य भगवत प्रसाद झा, संतोष सिंह परिहार तहसील सचिव मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं विभाग के जिला सलाहकार संजीव ओझा, पंकज सक्सेना, राजकुमार सैलर, भुवनेश्वर समाधिया, नरेश सेल, बृजमोहन सेन, चंद्र मोहन शर्मा, राम सिंह राठौर, लक्ष्मण रजक, हरनाम सिंह रघुवंशी, वृंदावन अवस्थी, नरेश श्रीवास्तव, शशिकांत पॉन्ड्रिक, सुनील परिहार, विनोद चोपड़ा रविंद्र तिवारी, मुकेश सेन, गजराज सिंह का डेरी अनील निखरा, बलबीर सिंह, मुन्नालाल गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### 4 सौ से अधिक डाकघरों में तिरंगे उपलब्ध कराएंगे : अधीक्षक

**गुना, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन में हर एक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस साल भी सरकार 13-15 अगस्त, 2023 के बीच हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर रही है। देश में 1.6 लाख पोस्ट ऑफिसेज के बड़े नेटवर्क का फायदा उठाने और अभियान के तहत देश के सभी पोस्ट ऑफिस में भारतीय तिरंगा को उपलब्ध करने का फैसला लिया गया है। ताकि देश के कोने-कोने में आम जनता को तिरंगे उपलब्ध हो सकें।

गुना डाक संभाग के डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि डाक संभाग के तीन जिलों के 400 से अधिक डाकघरों में तिरंगे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। लोग अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में जाकर झंडा प्राप्त कर सकते हैं. इसके अलावा डाक विभाग की ई-पोस्ट ऑफिस सुविधा वेबसाईट के जरिए भी राष्ट्रीय ध्वज लिया जा सकेगा।

### महिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहीं घटनाओं पर रोक लगे

**गुना, देशबन्धु।** महिला कांग्रेस कमेटी की जिला इकाई ने बुधवार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर मध्यप्रदेश में महिला एवं बच्चियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर की है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीमा यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में ऐसी कई वारदातों का जिक्र किया गया है, जिनकी वजह से मध्यप्रदेश शर्मसार हुआ है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगे। इनमें प्रमुख रूप से सतना जिले में 12 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता का मुद्दा उठाया गया है। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में सरकारी स्कूल में दुष्कर्म की घटना का हवाला देते हुए महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर कोताही बरती जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पुलिस विभाग



इस मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं।

प्रदेश में जगह-जगह महिलाओं के साथ बर्बरता हो रही है, नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म होने से परिजनों में भय व्याप्त है। गुना जिले की घटना का उदाहरण देते हुए बताया गया कि दिन-दहाड़े कोचिंग जा रही छात्रा को दो आरोपियों ने अपहरण कर उसके साथ गाड़ी में सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला कांग्रेस ने राज्यपाल से मांग की है कि प्रदेश में इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को निर्देश दिए जाएं।

साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में एक महीने के भीतर सुनवाई पूरी कर उन्हें फांसी की सजा से दंडित कराया जाए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा यादव ने चेताया है कि फिलहाल उन्होंने सरकार को चेताया है, इसलिए ज्ञापन दिया गया है। आगामी समय में महिलाएं प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेंगी, जिसकी जवाबदेही भी राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा यादव , पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता मोहन रजक शशि अहिरवार ,अंजुला सोनी ,कविता धाकड़ , रामकली गोस्वामी ,प्रीति परिहार, ज्योति कुशवाहा , राजकुमारी साहू, मिथिलेश कुशवाहा ,कृष्णा जाटव पार्षद,तरन्नुम खान पार्षद ,गायत्री सर पुनिया, बालाबाई अहिरवार अनीता सहरिया, रामवती यादव आदि उपस्थित रही।

## असामाजिक तत्वों ने प्लॉट पर जबरन कब्जा कर जान से मारने की दी धमकी



▶ क्षत्रिय राजपूत समाज ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**गुना, देशबन्धु।** शहर के बरबटपुरा में निवासरत क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य की स्वामित्व व आधिपत्य के प्लॉट-भूखण्ड असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन कब्जा करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने से समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते राजपूत समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है।

प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य देवेन्द्रसिंह पुत्र शंभू सिंह खीची के स्वामित्व व आधिपत्य का एक भूखण्ड गांधी वोकेशनल के पास बरबटपुरा में एक प्लॉट जो कि लगभग 4 हजार वर्ग फिट का है। जिसकी नगरपालिका की रसीद भी आवेदक के पास मौजूद है। उक्त भूखण्ड जो कि गांधी कॉलेज बरबटपुरा में स्थित है तथा जिसके 1 हजार वर्ग फीट पर टीनशेड चढ़ा हुआ है और वहां पर पशुओं को बांधा जाता है, देवेन्द्रसिंह डेयरी का व्यवसाय करते हैं।

विगत 10 जुलाई को कुछ असामाजिक तत्व आए और कहने लगे कि उक्त प्लाट की रजिस्ट्री हमारे पास है, तुम लोग खाली कर दो, नहीं तो हम तुम्हारा सारा सामान उठाकर फैंक देंगे। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि यह प्लाट विवेक अष्ठाना एसडीओपी की पत्नी के नाम पर है। इस प्लाट की रजिस्ट्री 15 साल पुरानी अष्ठाना की पत्नी के नाम पर है और तुम लोग उक्त प्लाट को खाली कर दो। जबकि देवेन्द्रसिंह लगभग 25 वर्षों 1996 से ही स्थाई रूप से रहकर निवास कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नही की जा रही है तथा पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों का ही समर्थन किया जा रहा है। जिसको लेकर राजपूत समाज ने ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। समाज ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो समाज के पीड़ित व्यक्तियों के साथ की जा रही ज्यादती के विरूद्ध समाज को प्रशासन व अपराधियों के विरूद्ध धरना प्रदर्श किया जाएगा।

## एक बार फिर आरोन एसडीएम का प्रभार डिप्टी कलेक्टर को देने की तैयारी




**आरोन, देशबन्धु।** जिले की आरोन तहसील में एक बार फिर एसडीएम का प्रभार डिप्टी कलेक्टर को देने की तैयारी चल रही है। इससे एक ओर जहां विकास को गति नहीं मिल पा रही है तो वहीं दूसरी ओर नगरवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी के पद पर अभी कुछ दिन पहले ही एसडीएम सांवले जी की नियुक्ति हुई थी कि ज्यादा समय नहीं निकला अब उनकी जगह पर डिप्टी कलेक्टर गुना को प्रभार दिया जा रहा है। यह प्रभार कितना सार्थक होगा, आरोन की जनता अच्छी तरह से जानती है। पिछले 2 वर्षों से एसडीएम का प्रभार दिया जाता रहा है जिसके कारण आरोन की जनता पूरी तरह पिछड़ गई है और विकास कोशों दूर रह गया है। जनता के कई काम ही नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि एसडीएम कभी आते हैं और कभी नहीं आते और आते भी हैं तो 1 दिन के लिए वह भी 4 घंटे में क्या विकास होगा और क्या जनता के काम होंगे। यह समझना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आरोन की जनता के साथ खिलवाड़ कर उनके साथ छलावा किया जा रहा है। वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर को प्रभार सौंपा गया है यह कितना काम करेंगे जो समय ही बताएगा। हम सत्ता के आकाओं से पूछना चाहते हैं कि वह आरोन का विकास चाहते है या नही। कोई बात नहीं है, अगर आरोन के नेता नपुंसक है तो। जबकि उनके पास शासन भी है और सत्ता भी है। वह अगर यहां पर पूर्ण समय तक एसडीएम की नियुक्ति नहीं करा पाते तो आरोन सबसे बड़े मूर्खों की नगरी कहलाएगी और नपुंसक नेता बड़ी शान से जुलूस निकालकर कहेंगे कि हमने बहुत विकास किया है।

### फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शुरू



**आरोन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची मे दावे एवं आपत्ति के अंतर्गत नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने एवं विलोपन की कार्यवाही का कार्य 2 अगस्त से शुरु कर दिया गया है। इसके तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक निर्धारित की गई है एवं विशेष शिविर की तिथि 12 अगस्त व 13 अगस्त तथा 19 अगस्त शनिवार व 20 अगस्त है। जिसमें नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। बी.एल.ओ. संघ के अध्यक्ष और मतदान केन्द्र क्रमांक - 193, आरोन के बीएलओ दिलबर खान ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य एसडीएम शिवानी पाठक और तहसीलदार सुनील वर्मा के मार्गदर्शन मे 2 अगस्त से शुरू कर दिया गया है जो कि 31 अगस्त तक चलेगा। जिसके तहत 1 अक्टूबर 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो रही है।

### मंडी में रक्तदान व स्वास्थ शिविर का आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हे। इसीके अंतर्गत बुधवार को कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी कार्यालय में विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ शुरू किया गया। जिसमें अतिथि गुना विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, गुना एसडीएम दिनेश सांवले, तहसीलदार गौरी शंकर बैरवा, मंडी सेकेट्री उदयभानु चतुर्वेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में हम्मालों, तुलावटी एवं किसानों ने रक्तदान किया और स्वास्थ शिविर में बड़ी संख्या में हम्मालों ने अपने स्वास्थ का परीक्षण कराया गया। जिनको जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मंडी समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। मंडी सेकेट्री श्री चतुर्वेदी ने बताया की स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत गुरुवार 3 अगस्त को मंडी प्रांगण में पौधारोपण एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

## धारवां के प्रयास से मिला युवती को कृत्रिम हाथ



**आष्टा, देशबन्धु।** करंट के बाद काटे गए हाथ की जगह आष्टा की युवती को कृत्रिम हाथ लगाया गया है। वरिष्ठ अभिभाषक राजमल धारवां के पहल पर यह संभव हो सका। बताया गया कि अपने कर्मचारी जिसकी बेटी का हाथ करंट लगने की वजह से काटना पड़ा था, उस बेटी की इस दयनीय दशा को देखकर श्री धारवां ने माहेश्वरी सहायता संस्था के अखिलेश दाढ़, रोटरी के लोकेश झंवर, अ.भा.धा. माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विनी बाहेती, उपाध्यक्ष आशीष भंसाली, सचिव शिव बजाज, अनिल गुप्ता, रूपेश गुप्ता से सम्पर्क किया। तब पता चला कि संस्था के माध्यम से जो कृत्रिम अंग सेवा प्रकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्हें बिटिया मुस्कान के बारे मे सम्पर्क कर उसकी स्थिति से अवगत कराया तथा मुस्कान व उसके परिवार को खंडवा भिजवाया जहां मुस्कान को कृत्रिम हाथ लगाया गया।

वरिष्ठ अभिभाषक श्री धारवां ने जहां मुस्कान की मुस्कान लौटाई वहीं लोगों से आग्रह किया है कि यदि इस प्रकार से किसी के परिवार मे किसी व्यक्ति या बच्चों के किसी अंग की हानि हुई है तो वे उनसे सम्पर्क कर संस्था द्वारा जो कृत्रिम अंग सेवा प्रकल्प कार्यक्रम चलाया जा रहा है, उसका लाभ ले सकते है, जो कि एक नि:शुल्क सेवा है।

### बच्चों के विवाद मे महिला ने की महिला से मारपीट

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर थाना अंतर्गत बच्चो के विवाद मे बड़े भी लड़ पड़े पुलिस ने बताया कि फरियादी रामकली बाई पति चंपालाल बागवान निवासी अमलाहा को आरोपी मोनिका बागवान पति मुकेश बागवान ने बच्चो की बात को लेकर गाली गलौच कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### अर्जी यात्रा की तैयारी के लिए बैठक आज

**गुना, देशबन्धु।** राइजिंग आजाद मिशन शासकीय सेवक सेतु मप्र भारत जिला इकाई गुना की एक अति महत्वपूर्ण बैठक 3 अगस्त को शाम 4 बजे शासकीय उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से 13 अगस्त को विकासखंड चाचौड़ा मैं आयोजित पुरानी पेंशन बहाली अर्जी यात्रा की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर संघ के विभिन्न पदाधिकारियों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

कार्यकारी जिला अध्यक्ष इंदर सिंह राव द्वारा बैठक की जानकारी देते हुए बताया की संघ संचालक एस के शिवहरे के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांत अध्यक्ष कार्य. संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार लिटोरिया के विशिष्ट अतिथि में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा विभाग के अलावा मध्यप्रदेश शासन के अन्य विभागों के पुरानी पेंशन विहीन कर्मचारियों अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। समस्त विभागों में प्रकोष्ठ का गठन कर प्रकोष्ठ प्रभारी मनोनीत किए जाएंगे। शासकीय सेवक सेतु के जिला अध्यक्ष निर्भय सक्सैना, श्रीमती वीणा दुबे (मातृशक्ति),कार्यकारी जिला अध्यक्ष इंदर सिंह राव, देवेंद्र गौर,नरेंद्र जकेले, राजकुमारी चौकसे रामविलास मीणा सहित अनेक पदाधिकारियों ने बैठक में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## 18 वर्ष से अधिक के युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं : कलेक्टर

▶ राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की बैठक का आयोजन

**शिवपुरी, देशबन्धु।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की बैठक आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अभियान के तहत मतदाता सूची में जोड़ने वाले मतदाताओं के संबंध जानकारी दी और कहा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। अभी तक जिले में 12 लाख 42 हजार मतदाता हो चुके है। आगामी चुनाव में मतदान का प्रतिशत पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक हो। इसके लिए सभी प्रयास करें।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जा चुका है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 31 अगस्त तक दर्ज की जा सकेंगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संसोधन करने के लिए विशेष कैंप का आयोजन 12 अगस्त, 13 अगस्त, 19 अगस्त एवं 20 अगस्त को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 22 सितंबर को किया जाएगा। नामावली अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा डाटाबेस को अपडेट करना और परिशिष्टों को मुद्रित 29 सितंबर को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा।

## कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को दिए प्रभार



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से दिनेश सावले प्रभारी डिप्टी कलेक्टर गुना को आगामी आदेश पर्यन्ती तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/ अनुविभागीय दण्डाधिकारी गुना का प्रभार सौंपे जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही अनुविभागीय राजस्व/ अनुविभागीय दण्डाीधिकारी आरोन का प्रभार श्रीमति शिवानी पाठक, प्र0डिप्टी कलेक्टर गुना को अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

वहीं कलेक्टर ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी प्रभार बांटे हैं।

कलेक्टर तरूण राठी द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से विभिन्ना तहसीलदार व नायब तहसीलदार को आगामी आदेश तक तहसील व वृत का प्रभार सौंपे जाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कमल सिंह मण्डेलिया को प्र.तहसीलदार, गुना (ग्रामीण), सत्येन्द्र सिंह गुर्जर को प्र.तहसीलदार तहसील कुंभराज, देवदत्त गोलिया को नायब तहसीलदार वृत्त फतेहगढ़ तहसील बमोरी, राजेन्द्र श्रीवास्तव को नायब तहसीलदार वृत्त रमडी तहसील चांचौडा, मयंक खेमरिया को नायब तहसीलदार वृत ऊमरी तहसील गुना (ग्रामीण) तथा अमित कुमार जैन को प्र.तहसीलदार तहसील मधुसूदनगढ़ का प्रभार सौंपा गया है।

## मुखर्जी मैदान को शासन शीघ्र दुरुस्त करवाएं : परमार



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में 3 खेल मैदान है मुखर्जी मैदान सबसे प्रमुख है और इसका स्वामित्व संचालन नगरपालिका ही करती है । पुराने नगर में सुभाष मैदान जिसका स्वामित्व तो शिक्षा विभाग के पास है पर संचालन संधारण नगर पालिका के पास है । अलीपुर में खेल मैदान जनपद पंचायत का है और उसका विकास न के बराबर है। मुखर्जी मैदान एक पूर्ण विकसित सुविधापूर्ण खेल मैदान है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि दु:ख इसलिए अधिक है हमारे तीन कार्यकालों में शने: शने: मैदानों के विकास शासकीय राशि का विवेक पुर्ण तरीके से उपयोग कर स्टेडियम निर्माण, बाउन्ड्री बाल निर्माण, ओपन जिम निर्माण, हाई मास्क लाइट व्यवस्था,पौधरोपण कार्य किये गये । सजग नागरिकों ने भी इस कार्य मे सहयोग किया।15 जुलाई के कार्यक्रम की बड़ी तैयारी के कारण यह मैदान यत्र तत्र खुदा पड़ा है मिटटी के ढ़ेर लगे है कीचड़ ही कीचड़ मैदान में है खिलाड़ी गण ,प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने वाले, शरीर सौष्ठव के हिस्सेदारों, स्वास्थ्य के लिए सजग नागरिक, लगभग एक माह से प्राप्त सुविधा से मोहताज है। परमार ने और भी आगे बढ़ते हुए कहा कि महिला बाल विकास सम्बल योजना से सम्बंधित श्रम विभाग के प्रदेश के उच्च अधिकारी गण की लापरवाही उदासीनता के कारण खेल मैदान की दुर्दशा हुई है।

अन्य नगरीय निकाय की भांति आष्टा न पा को नियमित राशि ही शासन द्वारा नही दी गई है दो माह से कर्मचारी अधिकारी गण को वेतन ही नही मिल पाया है म प्र शासन द्वारा रेवड़ी वितरण इवेंट बाजी में निर्धारीत राशि अप व्यय की जा रही है। ऐसी स्थिति में म प्र शासन अपने दोनों विभाग से राशि न पा आष्टा को प्रदत्त कर कार्य करवाये या स्वयं इस कार्य को करवाये।

### सीएम राईज विद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशन में बुधवार विधानसभा गुना के तहत शिक्षा विभाग द्वारा सीएम राईज विद्यालय में मतदाता जागरूकता क्लब द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय में एसएसआर के लिए स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 115 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एसएसआर का प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में गुना के महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एसएसआर का आयोजन किया गया एवं उपस्थित बच्चों को शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में लगभग 400 छात्राओं ने सहभागिता की और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया।



### जूनियर डॉक्टर खुदकुशी मामले में कार्रवाई

# स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एचओडी अरुणा कुमार को हटाया



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की जूनियर डॉक्टर डॉ. बाला सरस्वती के खुदकुशी मामले में डॉ. अरुणा कुमार को विभागाध्यक्ष (एचओडी ) पद से हटा दिया गया है। इसकी पुष्टि गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन दफ्तर से जुड़े एक वरिष्ठ चिकित्सक ने की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएमसी डीन डॉ. अरविंद राय की मौजूदगी में बुधवार दोपहर कॉलेज काउंसिल की बैठक हुई। इसमें काउंसिल सदस्यों ने डॉ. बाला सरस्वती के खुदकुशी मामले को लेकर शुरू हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म कराने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की प्रोफेसर और एचओडी डॉ. अरुणा कुमार से इस्तीफा मांगा। लेकिन, डॉ. कुमार ने काउंसिल के फैसले को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। नतीजतन देर शाम जीएमसी प्रबंधन ने उन्हें पद से हटा दिया। इसकी पुष्टि गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन दफ्तर से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर की है। उन्होंने बताया कि डॉ. कुमार की जगह विभाग की ही डॉ. भारती सिंह परिहार को प्रभारी एचओडी बनाया है। उधर इससे पहले, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद राय और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया से कॉलेज में हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों की मांगों के संबंध में चर्चा की।

## हड़ताली जूनियर चिकित्सकों को धमकाया, हड़ताल जारी

उधर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष और कुछ प्राध्यापकों द्वारा आज विभाग के हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों को धमकाने का मामला भी सामने आया है। बताया गया है कि जीएमसी डीन डॉ. अरविंद राय की मौजूदगी में बुधवार दोपहर आयोजित कॉलेज काउंसिल की बैठक में हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया गया। बैठक में जिस वक्त जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एचओडी डॉ. अरुणा कुमार समेत दूसरे प्राध्यापकों की प्रताड़ना की शिकायत कर रहे थे। उसी समय, कॉलेज के प्रशासनिक ब्लॉक में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की दो वरिष्ठ चिकित्सक, जूनियर चिकित्सकों को बुलाकर, हड़ताल खत्म करने के लिए धमका रही थीं। वरिष्ठ चिकित्सकों के इस रवैए से खफा होकर हड़ताल कर रहे करीब 50 से ज्यादा जूनियर चिकित्सक ने डीन दफ्तर पहुंचकर डीन डॉ. अरविंद राय को शिकायत की। यह चिकित्सक डॉ. राय को शिकायत करते-करते रो दिए। बाद में इन्हें कॉलेज की सीनियर प्रोफेसर डॉ. कविता कुमार ने उनकी समस्याओं का समाधान का आश्वासन देकर शांत कराया। इस घटनाक्रम के बाद जूनियर चिकित्सकों ने हड़ताल खत्म करने से इंकार कर दिया।

# 5 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़े गए रेलवे स्टेशन प्रबंधक



**भोपाल, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार सुबह भोपाल स्टेशन के प्रबंधक (वाणिज्यिक) राजेश रायकवार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। बताया गया है कि लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान स्टेशन प्रबंधक ने बचकर भागने की भी कोशिश की ,लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक मनु ब्यास ने बताया कि सुखबीर सिंह भदौरिया पिता विजय राम सिंह भदौरिया ने मंगलवार को लोकायुक्त कार्यालय में आकर लिखित शिकायत की थी कि वह एक पेटी कांट्रेक्टर है और भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर उसकी खान पान की कैंटीन है। लेकिन स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्यिक) राजेश रायकवार हर माह उसे छह हजार रुपये की बंदी रिश्वत के रूप में देने के लिए कई दिनों से दबाव बना रहे हैं । रुपये नहीं देने पर वे अनावश्यक जुर्माना करके परेशान करते हैं। इससे वह अब बुरी तरह से परेशान हो गए। सुखबीर की शिकायत का सत्यापन कराने के बाद बुधवार को लोकायुक्त डीएसपी वीरेंद्र सिंह, निरीक्षक मयूरी गौर, निरीक्षक विकास पटेल एवं अन्य टीम के साथ भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्यिक) के कार्यालय में सुखवीर भदौरिया को पांच हजार रुपये भेजा। जहां सुखवीर ने जैसे राजेश रायकवार को पांच हजार रुपये की रिश्वत दी और उन्होंने रुपये लिए, उसी दौरान पहले से तैयार खड़ी लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके बाद राजेश ने लोकायुक्त टीम से बचकर भागने की कोशिश की,लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। इसके बाद वह लोकायुक्त टीम से मिन्नतें करता रहा, लेकिन पुलिस ने उस पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

## श्रीमती रजनी को विदाई




**भोपाल, देशबन्धु।** मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग के प्रेस प्रकोष्ठ में स्टेनोग्राफर श्रीमती रजनी आसुदानी के सेवानिवृत होने पर आज अधिकारियों कर्मचारियों ने विदाई दी।अपर सचिव एवं अपर संचालक जनसंपर्क डॉ एचएल चौधरी ने श्रीमती आसुदानी की 42 वर्ष की सेवाओं की सराहना करते हुए सुखमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपसंचालक जनसंपर्क अशोक मनवाणी ,अन्य स्टाफ सदस्य और श्रीमती आसुदानी के परिजन उपस्थित थे।

## आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** माटी शिल्पियों को वर्ष 2021-22 एवं 22-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया जाना है। प्रथम पुरूस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरूस्कार 50 हजार और तृतीय पुरूस्कार 25 हजार रुपये का होगा। इसके लिए जिले के माटी शिल्पियों से प्रथक-प्रथक आवेदन 11 अगस्त तक कलाकृति सहित जिला अधिकारी माटीकलां बोर्ड कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

# *7 जिलों में अतिवृष्टि की चेतावनी जारी*

*__भोपाल, देशबन्धु।__ पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड पर गहरा अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून द्रोणिका भी गोरखपुर से होकर जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन दो मौसमी सिस्टमों के कारण लगातार आ रही नमी के कारण गुरुवार-शुक्रवार को पूर्वी मध्य प्रदेश के रीवा, शहडोल, जबलपुर एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वहीं जबलपुर, मंडला सहित सात जिलों में अतिवृष्टि की लाल चेतावनी जारी की गई है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि गहरे अवदाब का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुरुवार तक इसके कमजोर पड़कर अवदाब के क्षेत्र में और शुक्रवार तक अति कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। वहीं मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर गोरखपुर, गया, बांकुरा से गहरे अवदाब के क्षेत्र तक बनी हुई है। इन मौसमी सिस्टमों की वजह से लगातार नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। नतीजतन पूर्वी मप्र में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र ने सात जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की लाल चेतावनी जारी की है। इनमें उमरिया, कटनी, जबलपुर, मंडला, पन्ना, दमोह एवं शिवपुरी जिले शामिल है। वहीं सीधी, सिंगरौली,रीवा, सतना, शहडोल, डिंडौरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, गुना, अशोकनगर, श्योपुरकलां, विदिशा एवं रायसेन जिले में अति भारी वर्षा की नारंगी चेतावनी जारी की गई है, जबकि सीहोर, भोपाल,नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, अनूपपुर एवं निवाड़ी जिले में मध्यम से भारी वर्षा की पीली चेतावनी जारी की गई है।*

*उधर बुधवार को सुबह से शाम तक मंडला में 31, मलाजखंड में 25, नर्मदापुरम में 22, रीवा में 17, सीधी में 14, जबलपुर में 13, सतना में 12, रतलाम में 11, भोपाल में 8.2,खजुराहो में सात, नौगांव में छह, उज्जैन में पांच, पचमढ़ी में चार, दमोह एवं उमरिया में तीन, ग्वालियर में 2.4, बैतूल, छिंदवाड़ा एवं गुना में दो, इंदौर में 1.9, सागर में एक, धार में 0.9 मिलीमीटर वर्षा हुई।*

# बीआरटीएस कारिडोर के विभाजक से टकराकर कार पलटी, कारोबारी की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** मिसरोद थाना के नर्मदापुरम मार्ग पर बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार बीआरटीएस कारिडोर के डिवाइडर से टकराने के बाद करीब पचास फीट तक कार घिसटती हुई चली गई पलट गई। इस हादसे में कार चालक कारोबारी की मौत हो गई। पुलिस का शुरूआती अनुमान है कि नींद का झोंका आने के कारण यह दुर्घटना हुई होगी। हालांकि सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

मिसरोद थाना प्रभारी आरबी शर्मा ने बताया कि भानुप्रताप सिंह राघव उम्र 48 वर्ष जनता कालोनी, ई-6 अरेरा कालोनी में रहते थे। ग्राम बगरौदा में उनकी फैक्ट्री है, जहां लोहे के उपकरण बनाए जाते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं। बुधवार तड़के उनकी फैक्ट्री में गिट्टी पहुंचने वाली थी, इसलिए तड़के करीब तीन बजे भानुप्रताप गिट्टी को भरवाने के लिए घर से निकले थे। करीब पंद्रह मिनट बाद वह नर्मदापुरम मार्ग स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर बीआरटीएस कारिडोर के डिवाइडर से टकरा गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार डिवाइडर को तोड़ते हुए करीब पचास फीट तक घिसटने के बाद पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे भानुप्रताप को गंभीर चोट आई थी। हादसे की सूचना मिलते ही मिसरोद पुलिस मौके पर पहुंची तो कार बुरी तरह से चकनाचूर पड़ी मिली, जबकि भानुप्रताप कार के बाहर बेसुध पड़े थे। उन्हें तुरंत ही जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन यहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दयिा है।

थाना प्रभारी का कहना है कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नींद का झोंका आने के कारण भानुप्रताप की कार डिवाइडर से टकराई थी, अथवा किसी वाहन ने कार को टक्कर मारी, इससे कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही हादसे के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।




देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 3 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लोकसभा की ओर बढ़तीं खून की लकीरें

देश का हर वह इंसान क्षुब्ध और कहीं-कहीं पर बेबस दिखलाई दे रहा है जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है और समानता व बंधुत्व के मार्ग पर ही समाज को बढ़ता हुआ देखना चाहता है। वह हतप्रभ है कि कैसे केवल 3-4 महीनों के भीतर-भीतर एक के बाद एक होती साम्प्रदायिकता घटनाओं की लपटों से देश घिर गया है। वह मौजूदा हालातों को लेकर चिंतित है। वह व्यथित है कि मणिपुर तो खाक हो ही गया है और कह नहीं सकते कि दिल्ली से सटे मेवात में लगी आग कब देश की राजधानी में प्रवेश कर जाये। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस की दो बोगियों और पेंट्री कार में सोमवार की अल्लसुबह जनता के रक्षार्थ दी गई सरकारी राइफल से जो शोले निरीह लोगों पर ही बरसे उसने यह भी बता दिया है कि घृणाजनित हिंसा लोगों के कितने भीतर तक घर कर गई है।

ये अनायास घटी वारदातें होतीं तो कम से कम यह संतोष होता कि चलिये, आगे-पीछे इन पर काबू पा लिया जायेगा; पर अब महसूस होने लग गया है कि यह तमाम घटनाक्रम सुनियोजित व अंतर्गुंफित है। सब एक क्रोनोलॉजी के तहत किसी बड़े से मुकाम को हासिल करने के लिये सायास कराये जा रहे हैं। ऐसा मानने के कई कारण हैं। पिछले लगभग एक साल का घटनाक्रम व मौजूदा हालात देखें तो साफ है कि चुनाव जीतने के भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने फार्मूले काम नहीं आने वाले। पुलवामा दोहराया नहीं जाएगा, क्योंकि इस पर संदेह के सारे बादल छंट चुके हैं कि अब ऐसी कोई भी घटना होने पर वे लोग इसके पीछे के खेल को जान जायेंगे जिन्होंने इससे द्रवित होकर भाजपा-मोदी की दूसरी बार ताजपोशी की थी। राममंदिर, महाकालेश्वर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आदि को जितना लाभ देना था, सारा मिल चुका है। हालांकि ज्ञानवापी मुद्दे को भी खोला जा रहा है।

उधर राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम को लेकर दिये गये उनके बयान पर दाखिल केस से वे कमजोर नहीं पड़े। उलटे, लोग जान गये कि उन्हें संसद से बाहर रखने के लिये ही यह अवमानना-अवमानना का खेल खेला गया था। राहुल लोगों की सहानुभूति बटोर ले गये और देश के ज्यादातर मजबूत विपक्षी दल उनके पीछे लामबन्द हो गये हैं। मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ उनके सम्बन्धों को लेकर आवाज़ उठाने के कारण लोकसभा से निकाल बाहर किये गये राहुल की आवाज दब न सकी और अब तो सत्ता पक्ष को धुकधुकी है कि सुप्रीम कोर्ट उनके खिलाफ सजा को रद्द न कर दे अथवा घटा न दे जिससे उनका सदन में वापसी का रास्ता खुल जाये। खैर, इस बारे में आने वाला समय ही खुलासा करेगा कि राहुल की लड़ाई सदन में लौट आती है या वे सड़कों पर ही सरकार विरोधी अपने हमलों को विस्तार देंगे।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पहले ही लोकप्रिय हो चुकी है। इसने मोदी की छवि को धराशायी कर दिया और इसके विपरीत लोगों को राहुल में एक जन नेता की वह तस्वीर दिखलाई पड़ने लगी जिसे एक खर्चीले अभियान के तहत उन ताकतों द्वारा विकृत कर दिया गया था, जिसका उद्देश्य एक लोकहितकारी सरकार को हटाकर ऐसी सरकार बनाना था जो पूंजीपतियों की तिजोरियां भर सके। मोदी इसी तरीके से केन्द्र की सत्ता में बैठे। उन्होंने अपने तमाम जनविरोधी फैसलों को धर्म और राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर यूं पेश किया कि आम जनता को उनकी कड़ुवाहट महसूस नहीं हुई। आर्थिक निर्णय से जनता कंगाल व कमजोर होती गई तो धर्म आधारित कामों से वे जनता का भावनात्मक दोहन भी करते रहे। एक तरह से उन्होंने देश को दो वर्गों में विभाजित कर दिया- एक बहुसंख्यकों का तो दूसरा अल्पसंख्यकों का। समानता पर आधारित समाज देश के लिए देखते-देखते इतिहास हो गया। आड़े आने वाले नेताओं से निपटने के लिए उन्हें केन्द्रीय जांच एजेंसियों की जांच टेबलों पर भेजा जाने लगा।

देश की मुख्यधारा का मीडिया चाहे उन्हें महामानव साबित करता रहा हो, परन्तु विदेश में मोदी की भरपूर भद्द पिटी और अपनी कार्यपद्धति पर उन्हें मुश्किल सवालों का देश के बाहर सामना करना पड़ा। इधर अपनी तिजोरियों के मुंह खोल देने और तमाम हथकण्डों के बावजूद पहले हिमाचल प्रदेश और तत्पश्चात कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा खेत रही तो उसे अपने चिर-परिचित हथियार यानी साम्प्रदायिकता पर फिर से सान चढ़ाने की ज़रूरत महसूस होने लगी है। तभी तो मणिपुर की आग को खूब सुलगाया गया। कुकी समुदाय को मैतेइयों से भिड़ाकर भाजपा की डबल इंजिन सरकार इसलिए चुप बैठी रही क्योंकि वह स्थिति विस्फोटक ही सही परन्तु सामाजिक ध्रुवीकरण के काम आ रही थी (अब भी आ रही है)। मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा और जब वहां मी लॉर्ड ने सख्ती दिखाई तो मोदी ने संसद भवन के बाहर संक्षिप्त बयान दिया पर मुख्य बात से वे अब भी भाग रहे हैं। अब जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर के आला अधिकारियों को तलब कर ही दिया है तो केन्द्र सरकार व भाजपा के पांव कांप रहे हैं।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों के निकट पहुंचकर भाजपा को अपनी राह कठिन दिख रही है। लोकसभा की डगर तो और भी जटिल। उसके कांग्रेस मुक्त, विपक्ष मुक्त, वंशवाद, प्रतिपक्षियों के कथित भ्रष्टाचार के नारे भोथरे होते जा रहे हैं, तो स्वाभाविकत: भाजपा साम्प्रदायिक दंगों पर ही दांव खेलेगी। यह पहले से ही लग रहा था। मणिपुर से मेवात तक की रक्तरंजित घटनाएं एक ही डोर से बंधी है जिनसे टपकती खून की लकीरें लोकसभा-2024 की चौखट की तरफ जाती दिख रही हैं। भाजपा सम्भवत: इसी खून से सने पैरों से संसद में प्रवेश की तैयारी कर रही है।

# गुजरात मॉडल को स्वीकारना या नकारना जनता के हाथ में

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

> गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं।

सभी देशवासियों को मुबारक हो कि जिन उम्मीदों के साथ श्रीमान नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया गया था, एक बार नहीं, दो-दो बार उन्हें अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सत्ता सौंपी गई थी, वो अब पूरे हो गए हैं। गुजरात मॉडल पूरे देश में लागू हो चुका है। बीते 9 बरसों में बीच-बीच में इसके कई उदाहरण सामने आए, लेकिन पूरी तरह से यकीन नहीं हो रहा था कि हम 2002 वाले गुजरात को दोहराता देख पाएंगे या नहीं। अब मणिपुर को देखकर यह भरम भी जाता रहा। बिल्किस बानो आज भी अपने जख्मों के साथ जी रही हैं, उनका साथ देने के लिए अब मणिपुर की महिलाएं भी हैं। कितनों के साथ बलात्कार हुआ, कितनों को उनके पतियों ने कुकी या मैतेई होने के कारण छोड़ दिया, कितनी कुकी महिलाओं को मैतेई महिलाओं ने प्रताड़ित करवाया, मणिपुर में अपने घरों को छोड़ कर शरणार्थी बना दिए गए लोग किन हालात में रह रहे हैं, बच्चे कैसे विस्थापन, हिंसा और भयानक अपराधों के सदमे को सह रहे हैं, उनका भविष्य किस तरह का बनेगा, वो कब तक सामान्य तरह से शिक्षा पाने और मनोरंजन, खेलने-कूदने के अपने अधिकारों को हासिल कर पाएंगे, मणिपुर में बिगड़े हालात के कारण अर्थव्यवस्था पर जो असर पड़ा है, क्या वो लॉकडाउन और नोटबंदी के असर से भी गंभीर होगा, वहां आम इंसान जब पशुओं से गयी-गुजरी दशा में रह रहे हैं तो पशु-पक्षियों की हालत क्या हो रही होगी, ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब पाने की उम्मीद अब छोड़ ही देनी चाहिए। जब मोदीजी अपने संवैधानिक दायित्व यानी संसद में आकर जवाब देने की जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहे हैं, तो फिर ऐसे सवालों के जवाब तैयार करने की जहमत उनकी सरकार में कोई क्यों उठाएगा। वैसे कयास लग रहे हैं कि विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देने मोदीजी संसद में आएंगे ही, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए यह कहना कठिन है कि वे मणिपुर पर अपनी जवाबदेही मानते हुए जवाब देंगे। बेशक संख्याबल के कारण अविश्वास प्रस्ताव का उनकी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बिगाड़ के डर से उनके सांसद भी ईमान की बात नहीं कहेंगे। अगर मोदीजी फिर एक गंभीर मुद्दे को शाब्दिक जाल में उलझाकर मणिपुर के लिए नेहरूजी और बाद की सरकारों को दोषी ठहरा दें, तो इस पर आश्चर्य भी नहीं होगा।

लेकिन इस गैरजिम्मेदारी के बावजूद एक और सवाल इस सरकार से पूछा जाना चाहिए कि मान लीजिए मणिपुर में किसी तरह शांति बहाली हो जाए, तो क्या संदेह की जो लकीर दो समुदायों के बीच स्थायी निशान की तरह खींच दी गई है, क्या वो किसी तरह मिट सकेगी। क्योंकि अगर धुंधली भी बनी रही तो तय जानिए कि भविष्य में फिर राजनैतिक, आर्थिक स्वार्थ के लिए उसे गाढ़ा बना दिया जाएगा। गुजरात मॉडल को ही देख लीजिए, अब वहां ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम और वैष्णव जन तो का सुमधुर गान नहीं होता। वहां जय श्रीराम का नारा ही बुलंद है और अल्पसंख्यकों को उनके कपड़ों से लोग पहचानने लगे हैं। गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं। मणिपुर तो उत्तरपूर्व में था, लिहाजा वहां की खबरों को यथासंभव दबाया गया। वो तो वायरल वीडियो के कारण परेशानी खड़ी हो गई। मोदी जी और उनके मंत्रियों ने इस पर भी राजस्थान, छत्तीसगढ़ करना चाहा। सर्वोच्च अदालत में भी वकील बांसुरी स्वराज ने यही दलील दी। प्रसंगवश बता दें कि बांसुरी, दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज की बेटी हैं। विदेश मंत्री रहने के दौरान सुषमाजी अक्सर एक ट्वीट पर परदेस में रह रहे लोगों की मदद करती नजर आईं। अभी वो होतीं तो क्या मणिपुर पर चुप रहतीं या स्मृति ईरानी की तरह चीख-चीख कर कांग्रेस से जवाब मांगतीं या मोदीजी को राजधर्म याद दिलातीं, पता नहीं। लेकिन उनकी बेटी ने अदालत में मोदीजी की तरह ही दलील पेश की कि राजस्थान और प.बंगाल में भी ऐसा ही हुआ है। इस पर प्रधान न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ उसे हम यह कहकर उचित नहीं ठहरा सकते कि ऐसा और राज्यों में भी हुआ। क्या आप कह रहे हैं कि सभी महिलाओं की रक्षा करें या किसी की भी रक्षा न करें?

निश्चित ही यह जवाब मोदीजी के उस 36 सेंकड के क्रोध और दुख का सटीक जवाब है, जो उन्होंने संसद के बाहर प्रकट किया था। मोदीजी का अपनी निद्रा पर अंकुश है, ये बात तो वे बतला चुके हैं। उन्हें तीन-चार घंटों से अधिक की नींद नहीं चाहिए। लेकिन उनका अपने दुख और क्रोध पर भी नियंत्रण है, ये बात कमाल की है। लेकिन ये नियंत्रण किसी क्रिकेटर की उंगली पर लगी चोट के वक्त कायम नहीं रहता। तब वे द्रवित होकर ट्वीट कर बैठते हैं। मगर मणिपुर जैसी घटनाओं के लिए 36 सेंकड ही काफी हैं। इससे ज्यादा का वक्त लगाएंगे तो चुनाव प्रचार के लिए वक्त कैसे निकालेंगे। वैसे भी गुजरात मॉडल अकेले मणिपुर तक तो सिमटा नहीं रहेगा। देखिए, हरियाणा में ऐसी हिंसा भड़की कि यहां भी इंटरनेट प्रतिबंधित करना पड़ा, धारा 144 का लगना तो अब ऐसा हो गया है जैसे मामूली सर्दी-जुकाम में लोग डाक्टर से बिना पूछे ही पैरासिटामॉल खा लेते हैं। और स्कूल-कॉलेज भी हिंसा के कारण बंद हो गए। तो यहां भी कोई फिक्र की बात नहीं है। आखिर सरकार क्यों चाहेगी कि बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें। ऐसा हुआ तो फिर नौकरियों के सवाल उठेंगे, अधिकारों को लेकर जागरुकता फैलेगी। अभी तो व्हाट्सऐप यूनविर्सिटी का जो ज्ञान मिल रहा है, वही घुट्टी की तरह घोलकर पी लें, यही सरकार के हित में है। क्योंकि गुजरात मॉडल इसी से कायम रहेगा। इंटरनेट बंद होने के कारण व्हाट्सऐप न चले तो कोई बात नहीं, तब तक टीवी चैनल इस जिम्मेदारी को संभाल लेंगे। 9 सालों में देश में जहरीले उत्पाद एक अकेले ने तैयार नहीं किए, पूरी फौज उसमें सेनापति के साथ लगी हुई थी। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार ने अपने वरिष्ठ अधिकारी समेत चलती ट्रेन में चार लोगों को जिस तरह मार गिराया, वो इस जहरीले उत्पाद का एक छोटा सा उदाहरण ही है। चेतन नाम हिंदू है, इसलिए बहुत से लोग इसे आतंकी घटना की तरह पेश नहीं कर रहे हैं। क्योंकि ऐसे लोगों की नजरों में सारे आतंकवादी एक खास धर्म और वेशभूषा के ही होते हैं। मान लें कि चेतन की जगह कोई चंगेज़ ऐसी हिंसा करता, तब तो देश पर बड़ा आतंकी हमला, जैसे शीर्षकों के साथ मीडिया रंगा-पुता नजर आता। उसके पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, ईराक के संबंध निकल आते। मोदीजी तब 36 सेंकड की जगह शायद 36 मिनट की प्रतिक्रिया देते और मुनासिब समझते तो अगले चुनावों तक इस घटना को भुनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक, घर में घुसकर तक मारने जैसे ऐलान कर चुके होते। मगर अभी तो उन्होंने शायद 3 सेंकड का अफसोस भी मरने वालों के लिए जाहिर नहीं किया, दुख और क्रोध तो दूर की बात है। मोदीजी को ये तो याद रखना चाहिए कि चेतन कुमार ने उनका नाम लेकर चार लोगों को मार दिया, कम से कम इस नाते ही बयान दे देते कि मेरे नाम का ऐसा दुरुपयोग न हो। देश में तो जगह-जगह राइफलधारी सुरक्षाकर्मी तैनात नजर आते हैं, कब कोई मोदीजी के प्रभाव में निर्दोषों की जान ले ले, कौन जानता है।

1 तारीख को मोदीजी पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित हुए। तिलक ने नारा दिया था स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूंगा। मोदीजी भी गुजरात मॉडल को शायद जन्मसिद्ध अधिकार मानते हुए इसे पूरे देश में लागू करने पर आमादा हैं। जनता तय करे कि उसे ये मॉडल लेना है या नहीं।

# कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा भी उसी की राह पर



ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

> देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था।

विपक्ष में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी राजनीति के जिन मुद्दों का सारेआम विरोध किया करती थी, सरकार में आने के बाद उन्हीं मुद्दों को न केवल अपनाने लगती है बल्कि जोर-शोर से उनका प्रचार भी करने लगती है। भाजपा का यह विरोधाभास कई रूपों में देखने को मिला है। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने आधार कार्ड का भी विरोध किया था और जीएसटी कानून का भी। तब कांग्रेस सरकार की तमाम योजनाओं का भाजपा ने व्यापक तरीके से विरोध किया था लेकिन केंद्र की सत्ता में आते ही इन तमाम योजनाओं को ऐसे गले लगा लिया मानो ये उनकी अपनी योजनाएं हों और भाजपा ने कई दशक की मेहनत के बाद उन योजनाओं को तैयार किया हो। यही नहीं किसी जमाने में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, बसपा, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत देश की एक दर्जन से अधिक गैरकांग्रेसी पार्टियों के नेताओं पर वोटों की राजनीति के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली पार्टी अब खुद भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में किसी से पीछे नहीं दिखना चाहती।

मुस्लिम समुदाय में भी भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों को अपने पक्ष में करने का टारगेट रखा है जिसके लिए पार्टी बड़ी तेजी से काम भी करने लगी है। मुस्लिम तुष्टिकरण का यही लक्ष्य हासिल करने की चाह में ही भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य तारिक मंसूर को पार्टी का नया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया है। तारिक मंसूर पसमांदा मुसलमान हैं। भारतीय मुस्लिम समाज में पसमांदा मुसलमान उस तबके को कहा जाता है जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़ा होता है। मुस्लिम समाज में इस तबके के 85 प्रतिशत लोग हैं जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत उच्च वर्ग के अशरफ तबके का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुसलमानों का अशरफ तबका आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के नाते नौकरी और राजनीति से लेकर शिक्षा, व्यापार समेत तमाम क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना लेता है इसलिए हर जगह वही दिखाई भी देता है। पसमांदा मुसलमान संख्या में ज्यादा होने के साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक समेत देश के ज्यादातर राज्यों में मुस्लिम मतदाताओं की प्रभावशाली संख्या है इसलिए भाजपा ने मुस्लिम तबके को गले लगाने की योजना बनाई है। योजना के मुताबिक भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में कम से कम 66 मुस्लिम उम्मीदवार उतारना चाहती है।

देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से तीन, पश्चिम बंगाल से दो और लक्ष द्वीप से एक कुल 6 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे लेकिन चुनाव एक भी नहीं जीत सका था। 2024 के चुनाव में भाजपा 66 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े करना चाहती है इसलिए उसका जोर 85प्रतिशत पसमांदा मुसलमानों को तुष्टिकरण के बल पर अपने साथ लाने पर है। गौरतलब है कि पहले 2015 फिर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को वांछित सफलता न मिलने से बिहार के कई मुस्लिम नेता भाजपा छोड़ कर चले गए थे। इसके बाद ही पार्टी को लगाने लगा था कि मुस्लिम समुदाय को साथ में लिए बगैर चुनाव जीतना आसान नहीं होगा।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में पार्टी के नेताओं से अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर बेवजह की बयानबाजी से दूर रहने का आग्रह किया था। इसका कितना असर हुआ यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन इसके तीन महीने बाद ही मार्च के महीने में कर्नाटक भाजपा के नेताओं ने हिजाब मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली मुस्लिम महिलाओं को आतंकवादी और देशद्रोही कहने से संकोच नहीं किया था। इसका जवाब भाजपा को मई के महीने में सम्पन्न कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में मिल ही गया था। इस बीच इतना जरूर हुआ कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने जो 325 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे उनमें 45 चुनाव जीत गए थे। इस जीत से भाजपा के हौसले बुलंद हुए और उसने पसमांदा मुसलमानों के बीच पैठ करनी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने जून 2023 को भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा था कि पसमांदा मुसलमानों को उनके ही समुदाय के उच्च वर्ग द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। अजीब बात है कि एक तरफ तो इस पार्टी के लोग जरा-जरा सी बात पर देश के मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह देते रहते हैं, दूसरी तरफ अपने पक्ष में वोट बैंक की राजनीति करने की गरज से मुस्लिम तुष्टिकरण से भी बाज नहीं आते।

## पावन प्रसंग

# साहित्य से जीवन में सरलता सहजता का समावेश

जीवन में साहित्य का निरंतर सृजन करने वाले व्यक्ति के मन में सरलता और सहजता और सदाशयता का प्राकृतिक रूप से समूह समावेश होने लगता है। साहित्य के गहन अध्ययन से शालीनता और शिष्टता मानवीय जीवन का अंग बन जाती है। सांसारिक लोभ, कामना और स्पृहा से व्यक्ति दूर होकर सृजनात्मक विचारों को पसंद करके आडंबर और माया मोह से परे होने लगता है। साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार भी होता है। साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत: अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा-निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिम्ब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलत: साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बंट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवीय सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों=युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है कि कबीरदास, रवींद्रनाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# सावधानी ही 'आई फ्लू' के संक्रमण से बचा सकती है

यह आई फ्लू देश के कई राज्यों में तेजी से फैल रहा है जिससे लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे आंखों में लालिमा, दर्द, सूजन, खुजली आदि। गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी आई फ्लू की समस्या तेजी से बढ़ रही है।

ज़्यादातर अस्पताल चाहे वह शहरी क्षेत्र में हों अथवा ग्रामीण क्षेत्र, इस समय आंखों की समस्या से जूझ रहे मरीजों से भरे हुए हैं। प्रतिदिन अस्पतालों में आई फ़्लू के मरीजों का प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जा रहा है। डाक्टरों का सुझाव है कि बिना हाथ धोए उंगलियों को अपनी आंखों से न लगाएं। अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज़ करें। यह संक्रमण 7 से 14 दिन में ठीक हो जाता है, इसलिए घबराने की ज़रूरत नहीं है। जब भी आंखों में ऐसी कोई समस्या दिखे तो तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में जाएं और आंखों का चेकअप करवा लें। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे वातावरण में नमी कम होती जायेगी, वैसे-वैसे इस संक्रमण का खतरा भी कम होता जाएगा।

इस संबंध में जम्मू संभाग के सांबा जिला स्थित जिला अस्पताल की आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर रश्मि का कहना है कि हमारे यहां इस समय 100 में 80 मरीज आई फ्लू की समस्या से पीड़ित आ रहे हैं। इसमें हर उम्र के लोग हैं। कहीं-कहीं तो पूरी की पूरी फैमिली ही इस समस्या का शिकार हो चुकी है परंतु बच्चों में यह लक्षण ज्यादा इसलिए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि बच्चे अपनी हाइजीन मेंटेन नहीं रख पाते हैं। दूसरा बच्चों की इम्युनिटी बड़ों की अपेक्षा थोड़ी कम होती है। डॉ रश्मि सुझाव देते हुए कहती हैं कि इस समय जो भी बच्चे आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, माता-पिता उन्हें स्कूल न भेजें ताकि न केवल बच्चे को और अधिक इंफेक्शन से बचाया जाए बल्कि इससे दूसरे बच्चों के भी संक्रमित होने का खतरा कम हो जाएगा। बच्चे का हाथ बार-बार धुलवाने की ज़रूरत है ताकि वह गंदे हाथों से आंखों को छू न लें। डॉ रश्मि बताती हैं कि इस समय यह बीमारी इतनी बढ़ चुकी है कि इससे जन्म के मात्र 20 से 25 दिन का बच्चा भी बच नहीं सका है जोकि आश्चर्य की बात है।

जम्मू मेडिकल हॉस्पिटल के डॉक्टर संदीप गुप्ता का कहना है कि पिछले चार-पांच दिन से देखने में आ रहा है कि आई फ्लू के केस तेजी से बढ़ गए हैं। ऐसा नहीं है कि इस फ्लू में केवल बच्चे ही संक्रमित हो रहे हैं बल्कि यह किसी भी उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

जम्मू मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉ अशोक शर्मा का कहना है कि वायरल कंजंक्टिवाइटिस के दौरान अधिकांश लोग खुद ही आंखों का इलाज करना शुरू कर देते हैं, जो कई बार नुकसानदायक होता है। यह वायरस हवा के माध्यम से फैलता है। इसीलिए शहरों के साथ-साथ यह ग्रामीण क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जहां भीड़भाड़ अधिक होने और कचरे का सही निस्तारण नहीं होने के कारण यह बीमारी तेज़ी से फ़ैल रही है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के अभाव में यह बीमारी अपने पैर पसार रही है। डॉ शर्मा ने कहा कि सावधानी और जागरूकता इस बीमारी से लड़ने और बचने का सबसे कारगर हथियार है।

**हरीश कुमार, पुंछ, जम्म**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### कलश यात्रा के साथ शिवपुराण कथा का शुभारंभ



**भैरूंदा, देशबन्धु।** खेड़ापति हनुमान मंदिर बजरंग कुटी से महाशिवपुराण कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नगर के मिलन मैरिज गार्डन पहुंची। इस दौरान कई स्थानों पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सिर पर कलश रखकर महिलाएं और बालिकाएं मंगल गीत गाते चल रही थी। शिव महापुराण एवं असंख्य पार्थिक शिवलिंग निर्माण प्रतिष्ठान पूजन महा रुद्राभिषेक अनुष्ठान 2 से 8 अगस्त तक प्रतिदिन किया जाएगा। जिसमें पार्थिक पूजन एवं रुद्राभिषेक प्रतिदिन 9 से 11 बजे तक किया जाएगा तो वही शिव महापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कथावाचक आचार्य पंडित अभिषेक वैष्णव बाल व्यास भेरूंदा द्वारा किया जाएगा।

### हमले के विरोध में किया प्रदर्शन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मेवात के नूंह में विहिप–बजरंगदल द्वारा निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा पर जिहादियों द्वारा किये गये प्राणघातक हमले के विरोध में बुधवार को स्थानीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर धरना प्रदर्शन कर पुतला जलाया। विहिप प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव ने कहा कि ऐसे कायराना हमले से मजहबी जिहाद की पुष्टि होती है। इस दौरान प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग सत्संग प्रमुख सुरेंद्र ठाकुर, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख वीरेन्द्र जैन , सतधारा के महंत गंगादास महाराज, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, विभाग सह संयोजक सचिन यादव, जिला गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने 31 तक लिए जाएंगे आवेदन

**रायसेन, देशबन्धु।** फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2023 के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि 2 से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। यह विधानसभा निर्वाचन–2023 के पूर्व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने तथा हटवाने का अंतिम अवसर है। कलेक्टर दुबे ने कहा कि किसी भी अभियान या कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन और संचालन में मीडिया प्रतिनिधियों की महती भूमिका होती है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में मीडिया प्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत–प्रतिशत मतदान के लिए नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। जिले में हाट–बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को वोट डालने की प्रक्रिया बताई जा रही है।

# जिसकी स्वीकृति, उसे छोड़ दूसरी जगह बनने लगी थी सड़क

**▶ ग्रामीणों की शिकायत के बाद विधायक की फटकार पर जागे अधिकारी और रोका काम**

• रोहिताश्व शर्मा

**सिरोंज, देशबन्धु।** निर्माण कार्य पूरा करने में जनपद पंचायत के जिम्मेदारों ने इतनी जल्दबाजी दिखाई कि सड़क कहां की कौनसी स्वीकृत कहां और किस सड़क को बनाया जाना है इसका भी ख्याल नहीं रखा गया। ऐसा ही एक मामला सिरोंज जनपद पंचायत के ग्राम धर्मपुर में सामने आया है। यहां के ग्रामीणों ने कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, विधायक को शिकायत की जिसके बाद अधिकारियों की नींद खुली और आनन–फानन में काम रुकवा दिया गया। ठेकेदार की भी जल्दबाजी रही कि दूसरी जगह पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया और कई पेड़ काट डाले व जगह समतल कर दी। ग्राम धर्मपुर के ग्रामीण आशीष, हरभजन, भगवान सिंह, भजन, हरिओम, बबलू, हरनाम सिंह, फूल सिंह, रामस्वरूप, मुंजा, रामबाबू आदि ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को शिकायत कर बताया कि ग्राम धर्मपुर से ग्राम महमूदपुर से जोड़ने वाला रोड स्वीकृत हुआ है इसे छोड़ ग्राम महमूदपुर से ग्राम विशेपुर की रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस पर निर्माण कार्य तत्काल बंद कर धर्मपुर से ग्राम महमूदपुर को जोड़ने वाली सड़क पर शुरू किया जाए। धर्मपुर से महमूदपुर तक कोई रोड नहीं होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वाहन भी बड़ी मुश्किल से निकल रहे हैं। इस कारण बरसात के मौसम में ग्रामीण पैदल तक नहीं निकल पा रहे हैं। यह गांव 30 घरों की बस्ती है। मामला सामने आते ही अधिकारियों ने विधायक की फटकार के बाद संज्ञान लिया और जांच कराई गई तब पता चला कि जिस



रोड पर निर्माण कार्य शुरू किया जाना था वहां पर कार्य हुआ ही नहीं है। अधिकारी भी इसको लेका आश्चर्य में है और अब वे इसमें लग गए हैं कि किसी तरह ठेकेदार को उस राशि का भुगतान हो जाए जो उसने बगैर सोचे समझे कर दिया है। भाजपा नेता पप्पू साहू ने बताया कि विधायक के संज्ञान में मामला लाया है जिसके बाद जांच हुई और निर्माण रोक दिया गया है व अब उचित स्थान पर निर्माण कार्य किया जाएगा। साहू ने बताया कि अवैध तरीके से किए गए निर्माण कार्य के बाद कई पेड़ काट डाले गए और जगह को ऊंचा नीचा कर दिया गया है। जिससे एक नई समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम पंचायत साकलोन के सचिव आबिद खान ने बताया कि काम को रोक दिया गया है। पंचायत का निर्माण कार्य से कोई संबंध नहीं है अपितु मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत आने वाले इस कार्य को विदिशा से इंजीनियर आए थे और उन्होंने ही नाप जोख शुरू तब इस बात का एहसास हुआ। लोगों ने शिकायत की वह विधायक के निर्देश पर मौके पर पटवारी और जिम्मेदार पहुंचे उन्होंने बताया कि जो मार्ग पर निर्माण कार्य किया जा रहा है वह नहीं है। अपितु दूसरी मार्ग को चिन्हित कर बताया कि स्वीकृत मार्ग उक्त स्थान पर स्थित है। इसके बाद जिले से आए अधिकारी काम रोक कर चले गए।

### इनका कहना है

जब समय हमारे इंजीनियर गए थे उस समय लोगों ने यही स्थान बताया था जिस पर फिलहाल मार्ग का काम किया गया पर जब विधायक ने हमें असलियत बताई व चर्चा की तो उस मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया गया है और अब उनके निर्देशानुसार ही काम करेंगे। काम को लेकर सफाई हुई है इसे नरेगा में लेने की कोशिश करेंगे।

**राजेंद्र गजभिए, आरईएस ईई**

मामला पता चला है दोनों जगह रोड बनवाया जाएगा।

**हर्षल चौधरी, एसडीएम**

सेमलखेड़ी में हुआ भाजपा का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन

# जो विकास भाजपा ने करके दिखाया कांग्रेस राज में कभी नहीं हो सका: विजयवर्गीय






**सिरोंज, देशबन्धु।** सरकार वह होती है जो देश की सुरक्षा कर आत्मनिर्भर बनाए,आम जनता में निराशा के वातावरण को दूर कर आत्मविश्वास को बना कर रखे। एक समय ऐसा था जब भारत के दुश्मन देशों से आतंकवाद के हमले होते थे और उनका सामना करने की लिए देश की सरकारों से अनुमति लेना पड़ता था लेकिन आज मोदी सरकार ने देश की अस्मिता सुरक्षा के लिए सेना को मजबूत बनाते हुए मुंहतोड़ जबाब देने की आजादी प्रदान की है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश भाजपा चुनाव की विधानसभा चुनाव संचालन टोली के सदस्य कैलाश विजयवर्गीय ने कही।

सेमलखेड़ी में आयोजित सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो योग्यता के आधार पर गरीब कार्यकर्ताओं को भी आंगे बढ़ाती है। विदिशा जिले के बारे में इसलिए निश्चिंत हूं कि यहां के मतदाता जनता में राष्ट्रवाद कूट कूट कर भरा हुआ है। दिग्विजयसिंह जब मुख्यमंत्री थे जब हम विकास के लिए संघर्ष करते थे सड़क होती नहीं थी बिजली आती नहीं थी। भोपाल से सिरोंज आना बहुत कठिन होता था सड़को के हालात के नाम पर गड्ढे हुआ करते थे आज मात्र डेढ़ घंटे में भोपाल पहुंच जाते है। जो विकास भाजपा ने करके दिखाया कांग्रेस के राज में वह कभी नही हो सका।

विधायक उमाकांत शर्मा ने सम्पूर्ण विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता की ओर से कैलाश विजयवर्गीय का बड़ी माला,केशरिया शाल एवं गदा देकर सम्मान किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कैलाश जी ने मालवा की माटी का मान बढ़ाया है हमेशा कार्यकर्ताओं की चिंता करते हुए गाँव गरीब, किसानों की चिंता करके दीनदयाल जी के संकल्पो को मूर्त रूप देने का काम किया है। भाजपा देश की एकमात्र राजनैतिक पार्टी संगठन है जो परिवारवाद से नही चलता है।

इसके पूर्व सम्मेलन स्थल पर दोपहर दो बजे से कार्यकर्ताओं का जुटना प्रारम्भ हो गया था। जिसके लिए संगठन द्वारा विधानसभा के प्रत्येक मतदान केंद्र के अपेक्षित आमंत्रित कार्यकर्ताओं के पंजीयन हेतु पांचों मंडलों के पृथक से काउंटर लगाए गए थे। देर शाम करीब पांच बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सम्मेलन के लिए मंडल के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल को भाजपा के झंडे बैनरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा,जिला महामंत्री बलबीर रघुवंशी कैलाश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चरणसिंह राजपूत, पारस तारण, राजकंवर बघेल,राजेश यादव नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, शैलेष संजय भंडारी सहित सभी संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, शक्ति केंद्र के पालक संयोजक, बूथ समिति के कार्यकर्ता,विधानसभा के पांचो मंडलों की मंडल कार्यसमिति एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में बढ़ रहे कुपोषण के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने मोर्चा खोलते हुए सड़क पर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। जय स्तंभ चौक पर पुतला जलाने का प्रयास भी किया जिसे पुलिस ने छीन लिया। इसके बाद पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा कुपोषण के खिलाफ कई योजनाएं चलाई जा रही है परन्तु धरातल पर सारी योजनाओं की चिंताजनक स्थिति हैं। बासौदा, त्यौंदा, ग्यारसपुर तहसील के ग्रामों व नगर में कुपोषितों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। पिछले 6 माह में सौ से अधिक कुपोषित बच्चे अस्पताल में भर्ती किये गये हैं। जिसमें जन चिकित्सालय में 12 से 15 कुपोषित उपचार की आस में भर्ती हैं । बासौदा त्यौंदा ग्यारसपुर हैदरगढ के समस्त चिकित्सालयों में स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ के पद रिक्त हैं जिस कारण भी मरीजों की देखरेख नहीं हो पा रही हैं जिससे भी मरीजों का उपचार में लापरवाही बरती जा रही हैं।

इस मौके पर रामकिशन दबे, विकास शर्मा, राजेश महेश्वरी, विष्णु प्रसाद शर्मा, कृष्ण मोहन शर्मा, राजकुमार सेन, बृजेन्द्र राजपूत, राजेश अहिरवार, लक्ष्मण सिंह कमल अहिरवार, सुशील अहिरवार, प्यारे लाल अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# सड़क के लिए खोदे गड्ढों में पौधे लगाकर कांग्रेसियों ने जताया विरोध

**सिरोंज, देशबन्धु।** कायाकल्प योजना के अंतर्गत लिंकरोड पर कराए जा रहे निर्माण कार्य की धीमी गति और जनता को रही परेशानी को लेकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका और ठेकेदार की मनमानी का आरोप लगाते हुए नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर खोदे गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर विरोध जताया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा है कि मार्ग निर्माण में धीमी गति जनता और व्यापारियों के लिए मुसीबत बन गई है वही सत्ताधारी लोग सत्ता के नशे में चूर होकर सिर्फ कमीशन खोरी कर रहे हैं। इस दौरान इरशाद गोरी, रामदयाल विश्वाकर्मा, नरेंद्र पाटीदार, राजेंद्र सिंह, बंटी



किंग, वीर सिंह, सुनील शर्मा एवं युवा कांग्रेस से अंकित महाराज, शिवराज, दिनेश, विजय पालिवाल आदि उपस्थित रहे। इधर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीएम कुशवाह का कहना है कि ठेकेदार निर्माण सामग्री चंद्रमोहन सभागार में एकत्र कर रहा है 2 दिन के अंदर काम प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# आवास योजना: हितग्राहियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

**भैरूंदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्रदेश के 1 लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया एवं गृह प्रवेश कराया गया। जिसका स्थानीय कार्यक्रम कृषक संगोष्ठि भवन भैरूंदा में रखा गया। जिसमे नगर के 159 हितग्राहियों को योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तत्पश्चात हितग्राहियों के आवासों पर जाकर गृह प्रवेश कराया गया। जिसमें पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष गुरूप्रसाद शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारूती शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, पार्षद मेहरबान सिंह सराठे, पार्षद गौरव शर्मा, पार्षद



महेन्द्र जाट, पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे, पार्षद प्रतिनिधि राजेश पंवार, पार्षद प्रतिनिधि नितिन मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रफुल्ल गठरे, दीपक यादव उपयंत्री सहित नगर परिषद के कर्मचारी,हितग्राही उपस्थित थे।

# महिला स्व सहायता समूह हड़ताल पर, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित

**गैरतगंज, देशबन्धु।** प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर ब्लाक गैरतगंज के समस्त स्व सहायता समूह अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिसके चलते शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मध्यान्ह भोजन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तहसील क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूह ने मांग पूर्ति के अभाव में काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिसके चलते स्कूली बच्चो को मध्यान्ह भोजन नही मिल पा रहा है। बुधवार को तहसील क्षेत्र में काम करने वाले मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों की महिलाओं ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। स्व सहायता समूह की महिलाएं जनपद मैदान में एकत्रित हुई तथा वहां से रैली की शक्ल में नारेबाजी करती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची। इस दौरान महिलाएं मध्यान्ह भोजन बनाने वाले बर्तनो को बजाती हुई चल




रही थी। ज्ञापन सौंपने पहुंची संगठन की प्रभारी सीता राय, ब्लाक अध्यक्ष सीमा बाई, सचिव भूरी बाई, कुलशुम बी, नगर अध्यक्ष धनबाई, महामंत्री चंद्रबाई, ममता बाई, गीता बाई, रसोइया गिरिजा बाई, दुर्गा बाई ने बताया कि उनका संगठन प्रदेशाध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश बघेल के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चूल्हा बंद आंदोलन कर रहे है। उनकी प्रमुख मांगे है कि आंगनबाड़ी पोषण आहार एवं नाश्ता बनाने की राशि 15 रु प्रति छात्र की जावे,प्राथमिक शाला में व्यय राशि 10 रु, माध्यमिक शाला में 15 रु की जावे। रसोइया का वेतन 2 हज़ार से बढ़ाकर 6 हज़ार किया जावे, समूह संचालक अध्यक्ष सचिव का 5 लाख का बीमा करने, सांझा चूल्हा के अंतर्गत व्यय राशि एवं खाद्यान्न में ठेका प्रथा बंद करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया गया था परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। लेकिन अब प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल मांग पूर्ति न होने तक जारी रहेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं शामिल रही।

# शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता : शारदा सोलंकी

**▶ मनाया विकास का एक साल बेमिसाल सप्ताह**

**मुरैना, देशबन्धु।** नगर के होटल इंद्रलोक में महापौर शारदा राजेन्द्र सोलंकी ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष में किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विकास का एक साल बेमिसाल के तहत किया जा रहा है जिस के क्रम में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस अपने संकल्प पत्र के क्रम में निरंतर कार्य कर रही है, हालांकि भाजपा सरकार द्वारा उन्हें बजट की कमी के चलते काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उसके बावजूद भी नगर की जनता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से विकास कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर महापौर द्वारा पत्रकारों का सम्मान भी किया गया।

महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने



बताया कि गत एक वर्ष में लगभग डेढ़ सौ करोड़ के कार्य नगर निगम द्वारा किए गए, जिनमें मां बेटी चौराहे से काका ढाबा तक सीसी रोड निर्माण व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के अलावा निगम क्षेत्र में नवीन 13 संजीवनी क्लीनिकों का निर्माण किया गया। इसके साथ ही नगर की अनेकों सड?ों को कायाकल्प अभियान के तहत नवनिर्मित किया गया है कार्यक्रम में मौजूद निगम के सभापति राधारमण दंडोतिया ने कहा कि आगामी योजना में नाला नंबर 4 का निर्माणी कया जाना तय है। इस नाले के निर्माण से 10 वार्ड के लोगों को जलभराव से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा सतत निगरानी के तहत नगर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा देश और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनके द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के एमआईसी सदस्य रमेश उपाध्याय ने कहा कि महापौर सिर्फ नारी शक्ति ही नहीं बल्कि दुर्गा शक्ति का स्वरुप है उन्हें जहां काम में गड़बड़ दिखती है तो वह दुर्गा के रूप में प्रकट होती हैं और कार्य को सही और सटीक कराने का पूरा प्रयास करती हैं। वह एक पहली ऐसी महिला हैं जो रात को 11:00 बजे तक जनता के हित के लिए कार्य करती हैं। मुरैना के लोगों ने ऐसी महापौर को चुनकर मुरैना के लिए एक मिसाल कायम की है। इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने कहा कि महापौर पद की शपथ के साथ से ही महापौर व निगम के पार्षदों द्वारा प्रदेश सरकार से निरंतर बजट की मांग की जा रही है किंतु वह समय पर बजट उपलब्ध नहीं कराते, उसके बावजूद भी उनके द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं। इस मौके पर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि मुरैना शहर में वर्तमान समय की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक वार्ड में करोड़ों रुपए की काम करने की आवश्यकता है। पूर्व में करोड़ों रुपए सीवर के नाम पर बर्बाद किए जा चुके हैं। जिसके चलते शहर भर की जगह सड?ें आज भी खुदी हुई पड़ी है और आमजन परेशान हैं। ऐसी दशा में महापौर द्वारा निरंतर नगर भ्रमण कर शहर की स्वच्छता व अत्यावश्यक कार्यों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन महापौर के निज सहायक व नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेकों वरिष्ठ जनों सहित निगम के एमआईसी सदस्य पार्षद व कर्मचारी गण सहित तमाम स्वयंसेवी संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### गुप्ता को पीएचडी की उपाधि



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला पंचायत बैतूल में मीडिया ऑफिसर के पद पर पदस्थ रहे अनिल कुमार गुप्ता वर्तमान में भोपाल में पदस्थ हैं। उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। गुप्ता को जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में प्रचार-प्रसार की भूमिका का अध्ययन टॉपिक पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य उन्होंने डॉ. जयंत के पंडा एसोसिएट प्रोफेसर के निर्देशन में किया है। गौरतलब है कि अनिल कुमार गुप्ता ने बैतूल के पत्रकारों को मास्टर ऑफ जर्नलिज्म कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। गुप्ता की शिक्षा-दीक्षा में बैतूल के आधा दर्जन से अधिक पत्रकारों सहित अन्य लोगों ने एमजे किया है। गुप्ता की इस उपलब्धि पर जिले के पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### निःशुल्क ह्रदय रोग शल्य चिकित्सा के लिए 9 बच्चे भोपाल रवाना

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ह्दय रोग शल्य चिकित्सा के लिए नौ बच्चों को सिद्धांता रेडक्रास हॉस्पिटल एवं चिरायू हेल्थ मेडिकेयर अस्पताल भोपाल के लिए रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुरेश बौद्ध ने बताया कि ह्दय रोग शल्य चिकित्सा के लिए रामकृष्ण धुर्वे पिता सरदार धुर्वे उम्र 11 वर्ष निवासी पाटाखेड़ा चिचोली के लिए 95 हजार रूपये, कीर्ति पिता गज्जू दहीकर उम्र 12 वर्ष ग्राम काशी भैंसदेही के लिए 85 हजार रूपये, युवांश पिता शिवचरण प्रभूढाना भैंसदेही के लिए 90 हजार रूपये, मुस्कान पिता सुनील चढ़ोकार उम्र 2 वर्ष ग्राम गढा सेहरा के लिए एक लाख 70 हजार रूपये, कंचन पिता संदीप बारस्कर उम्र 7 वर्ष खेडला सेहरा के लिए एक लाख 70 हजार रूपये, करीना पिता अर्जुन बरकड़े उम्र 4 वर्ष ग्यारसपुर बैतूल के लिए 90 हजार रूपये, आरू पिता संजय मालवीय उम्र एक वर्ष निवासी डोडी गुदगांव भैंसदेही के लिए 90 हजार रूपये, खुशी पिता राकेश यादव उम्र 2 वर्ष निवासी जामुनपानी भीमपुर के लिए 1 लाख 70 हजार रूपये, अश्विन पिता विश्राम बाडिवा उम्र 9 वर्ष निवासी भेंसाखेड़ी भैंसदेही के लिए 90 हजार रूपये शासन द्वारा स्वीकृत किये हैं।

### युवाओं ने लिया नशे से दूर रहने और समय का सदुपयोग करने का संकल्प

**मुलताई, देशबन्धु।** विकासखंड गायत्री परिवार समन्वय समिति मुलताई के मार्गदर्शन में ग्राम सोनोरा में हनुमान मंदिर में ग्राम के युवाओं की विशेष गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें युवाओं को गायत्री परिवार के वरिष्ठ युवा अविनाश खंडागरे,रामकिशोर बनखेड़े ,नारायण देशमुख,गणपति गायकवाड, डॉक्टर रामदास गढ़ेकर, डॉक्टर दीपचंद बंखेडे ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जीवन को आगे बढ़ाने हेतु गायत्री महामंत्र के साथ अपना लक्ष्य बनाकर जीवन में समय का सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ने की बात कही। युवाओं ने नशा न करने,समय का सदुपयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम के युवा अशोक धाड़से,युवराज मगरदे, प्रकाश मगर्दे, मंचित राव कोसे उपस्थित रहे।

# निष्पक्ष निर्वाचन के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची जरूरी: कलेक्टर

▸ **31 अगस्त तक दर्ज होंगे मतदाता सूची में दावे-आपत्ति**




**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का त्रुटि रहित होना जरूरी है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा है कि वे बीएलओ के साथ अपने बूथ लेवल एजेंट भी नियुक्त करें, ताकि मतदाता सूची में आवश्यकता अनुसार नाम जोड़े अथवा हटाए जा सकें। मतदाता सूची के स्पेशल समरी रिवीजन अभियान के दौरान प्राप्त दावे-आपत्ति पर होने वाले निराकरण की जानकारी से प्रतिसप्ताह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया जाएगा।

बैंस बुधवार को मतदाता सूची के स्पेशल समरी रिवीजन अभियान अंतर्गत आयोजित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की स्टेडिंग कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी अहमद ने बताया कि स्पेशल समरी रिवीजन अभियान अंतर्गत एकजाई प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया है। जिस पर 31 अगस्त तक दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष कैंप आयोजित होंगे। 22 सितंबर तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 29 सितंबर को नामावली के हेल्थ पैरामीटर को जांचना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की कार्रवाई होगी। साथ ही डाटाबेस को अपडेट कर परिशिष्टों को मुद्रित कराया जाएगा। चार अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा। स्पेशल समरी रिवीजन अभियान अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2023 होगी। प्रपत्र-6 नवीन मतदाताओं का नाम जोडने् रहेगा। प्रपत्र-7 में मतदाता द्वारा नामावली में पूर्व से दर्ज किसी अन्य मतदाता के नाम को हटाने हेतु अनुरोध किया जा सकेगा। इस प्रपत्र में मतदाता द्वारा नामावली में पूर्व से दर्ज किसी अन्य मतदाता के नाम को हटाने हेतु आपत्ति अथवा स्वयं के नाम को हटाने हेतु अनुरोध किया जा सकेगा। प्रपत्र-8 में निवास स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना सुधार किए रिप्लेसमेंट इपिक जारी किए जाने अथवा दिव्यांग के रूप में चिन्हांकन किए जाने का अनुरोध किया जा सकेगा। मतदाताओं का नाम जोडने्-हटाने एवं संसोधन करने के लिए ऑनलाईन पोर्टल से भी आवेदन किया जा सकता है।

# कृषि मंत्री ने मंडी में विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**हरदा, देशबन्धु।** कृषि मंत्री कमल पटेल ने बुधवार शाम को हरदा की कृषि उपज मंडी में आयोजित स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम में यहां के उन्नत किसानों व्यापारियों हम्मालों व तुलावटियों का सम्मान किया।

हरदा की कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला पंचायत की कृषि समिति के अध्यक्ष श्री ललित पटेल, महेश्वर के पूर्व विधायक राजकुमार मेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मंडी बोर्ड से उन्होंने पिछले दिनों हरदा जिले में कुल 57 सड़कें स्वीकृत की हैं। उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें सड़क निर्माण, किसानों के लिए कैंटीन निर्माण, किसानों के लिए ऑडिटोरियम, किसानों के लिए विश्राम गृह, किसान गैलरी और सड़कों के दोनों और लाइटिंग जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं ।

# चुनाव आते ही भाजपा सरकार को आती है जनता की याद: द्विवेदी

▸ **प्रदेश महामंत्री की उपस्थिति में हुआ ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन**

**चिचोली, देशबन्धु।** पिछले 10 वर्षो से मप्र की जनता शोषित और उपेक्षित है, जब-जब चुनाव सामने आते है तब-तब भाजपा सरकार को जनता की याद आती है, अब पूरे प्रदेश की जनता घोषणावीर मुख्यमंत्री के जाल में फंसने वाली नहीं है और आगामी चार माह बाद कांग्रेस की कमलनाथ सरकार बनाने के लिए जनता पूरा मन बना चुकी है। यह बात ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव और जिला प्रभारी चन्द्रिका प्रसाद द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि चिचोली ब्लॉक कांग्रेस ने पूरे 99 बूथों पर कांग्रेस संगठन तैयार किया है यह पार्टी के लिए गौरव की बात है।

इससे यह विश्वास है कि कार्यकर्ताओं में जो ऊर्जा का संचार हुआ वह विधानसभा चुनाव में बढ़त के रूप में देखने को मिलेगा इसके लिए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं उनकी टीम बधाई के पात्र है। क्षेत्रीय विधायक ब्रम्हा भलावी की कार्य प्रणाली से जन मानस संतुष्ट है और ऐसे निष्ठावान और समर्पित विधायक बहुत कम है यह आपके क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। पार्टी उन्हे पुनः सम्मान देगी जल्द ही मण्डल, सेक्टर तथा बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित होगा। उन्होंने नाराजगी और चेतावनी के लहजे में कहा कि जो लोग पार्टी संगठन में पद चाहते है और सत्ता आने पर निगम मण्डल में पद की अपेक्षा करते है वे लोग कमलनाथ जी की नारी सम्मान योजना के फार्म भरने वाले कार्यकर्ताओं को मना करते वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर ले वन कांग्रेस कार्यकर्ता कहलाने के लायक नही रहेंगे।

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही पांच हार्स पावर की बिजली का बिल माफ और महिलाओं को 1500 रूपये नारी सम्मान सहायता और किसानों का कर्जा माफ तथा 100 यूनिट बिजली मुक्त सहित अनेक योजना का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी डॉ राजेन्द्र देशमुख, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नारायण घोटे, महिला अध्यक्ष पुष्पा पन्द्राम, राजेन्द्र जायसवाल, बटनू पटेल, नरेन्द्र आर्य, रमेश गायकवाड़ राहुल पटेल जिलामहामंत्री मण्डलम अध्यक्षगण कृष्णा पटवारी, सोनू धुर्वे सरपंच गणेश मर्सकोले, मालसिंग इवने राजेन्द्र यादव, बदामी यादव हनी सोनी, इंदिराबाई बडोदे महिला अध्यक्ष, छोटू यादव आदि उपस्थित थे।

# तेजी से फैल रहा नेत्र संक्रमण, बच्चे हो रहे अधिक प्रभावित

▸ **डॉक्टर दे रहे मरीजों को काला चश्मा लगाने की सलाह**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में नेत्र संक्रमण कंजक्टिवाइटिस मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रत्येक घर में नेत्र संबंधी संक्रमण के मरीज देखे जा रहे हैं विशेष तौर से छोटे बच्चों में नेत्र संक्रमण का फैलाव अधिक देखा जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में भी नेत्र संक्रमण के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और निजी स्वास्थ्य केंद्रों में भी नेत्र संक्रमण के मरीज देखे जा सकते हैं। आई फ्लू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अभिनव शुक्ला ने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक रूप से चश्मा और मास्क लगाने के निर्देश दिए है।

**आई फ्लू के लक्षण:** आई फ्लू के मरीजों ने बताया कि इस बीमारी में आंखों से पानी निकलता है। आंखों में जलन होती है खुजली चलती है आंखें लाल हो जाती है और चुभन भी महसूस होती है। सामान्यत: आंख की बीमारी का प्रभाव 4 से 6 दिन तक दिखाई देता है। जानकारों के अनुसार रोग बढ़ने पर यह समय अवधि बढ़ भी सकती हैं।

**कैसे फैलता है आई फ्लू:** नेत्र विज्ञानी डॉक्टर रामदास गढ़ेकर बताते हैं कि इस बीमारी का फैलाव संक्रमित मरीज की आंख से निकलने वाले स्त्राव के संपर्क में आने से से होता है। कई बार इसका बैक्टीरिया हवा में भी होता है इसलिए आई फ्लू के मरीजों को ब्लैक चश्मा लगाने की सलाह दी जाती है क्योंकि इस दौरान आंखें संवेदनशील हो जाती है जिससे तेज हवा या रोशनी के संपर्क में आने से परेशानी होती है। चश्मे से आंख को सुरक्षा मिलती है दूसरा बीमारी का बैक्टीरिया हवा में नहीं फैलता। डॉक्टर गढ़ेकर बताते हैं कि यह एक संक्रमण है यह बच्चे बड़ों सभी को बराबर प्रभावित करता है किंतु बच्चे लापरवाह अधिक होते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण बच्चों में अधिक दिखाई देता है।

**रोकथाम कैसे करें:** अपनी आंखों को छूने से पहले हाथों को धो ले। संक्रमित व्यक्ति अपना टावल, तकिया , आई ड्रॉप उपयोग की गई वस्तु घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्विमिंग पूल, तालाबों के प्रयोग से बचें। साफ हाथों से अपनी आंखों के आसपास किसी भी तरह के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गिले कपड़े से धोएं।

#### इनका कहना है

आंख के संक्रमित मरीजों को इस बीमारी को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि बीमारी बढ़ने के बाद आई बॉल को भी नुकसान पहुंचा सकती है। संक्रमण होने पर आंख स्वच्छ पानी से बार-बार धोए। डॉक्टर की सलाह से एंटीबायोटिक दवा का उपयोग करें।

**डॉ. अभिनव शुक्ला, ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी मुलताई**

# कुन्बी समाज संगठन ने लगाए कई प्रजातियों के पौधे



**भैंसदेही, देशबन्धु।** क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज संगठन भैंसदेही द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत ब्लाक में जगह-जगह पौधारोपण किया जायेगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को कन्या परिसर घोघामा से हुई। जहां समाज के भैंसदेही ब्लाक अध्यक्ष मनीष नावंगे, प्रवक्ता सुरेन्द्र कनाठे, केसर लोखंडे, गोवर्धन राने, दादुराव पाटनकर, रवि धाड़से, गुलाबराव सेलकरी, धनराज लोखंडे, राजू कुंभारे, अशोक अड़लक, डॉ. दिनेश दवंडे के आतिथ्य में समाज के लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये। इसके साथ ही बालिका छात्रावास चिलकापुर, गुदगांव, हनुमान टेकड़ी झल्लार में भी पौधे रोपे गये। इस दौरान समाज के लोगों ने आंवला, नीम, करंजी सहित अन्य कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज संगठन ब्लॉक भैंसदेही के अध्यक्ष मनीष नावंगे ने कहा कि पौधारोपण आज की महत्ती आवश्यक बन गया है। कोरोना काल ने हमे पौधे और आक्सीजन की आवश्यकताओं को समझाया है। इसलिए हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। नावंगे ने कहा कि पौधारोपण करके ही हमारी जिम्मेदारियां समाप्त नहीं होती। पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने घर और आसपास खाली जमीन पर पौधारोपण करे।

# स्टेशन रोड दुर्गा मठ के पास फिर हुई दुर्घटना




**मुलताई, देशबन्धु।** ताप्ती परिक्रमा मार्ग जोकि दुर्गा मठ के पास स्टेशन मार्ग से जुड़ता है यहां बुधवार फिर एक दुर्घटना का मामला सामने आया है। जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक वृद्ध मोटरसाइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भाग दुर्घटनाओं को लेकर संवेदनशील होता जा रहा है। जहां कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है क्योंकि जब वाहन चालक परिक्रमा मार्ग से मुख्य मार्ग पर बनी हुई पटरी से ऊपर च?ते है तो दूसरी ओर से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देता। आज भी ऐसा ही हुआ अचानक सा सामने आए वाहन को बचाने के लिए ब्रेक लगाते ही वृद्ध मोटरसाइकिल सहित गिर पड़े जिसके चलते उसके हाथ, पैर और सर में गंभीर चोट आ गई। बताया जा रहा है कि आजाद वार्ड निवासी मुन्ना पुत्र सपुर कसावरे किसी काम से ताप्ती तट पर गए हुए थे, वह काम निपटा कर वापस आ रहे थे कि तभी दुर्गा मठ के सामने से अपनी गाड़ी को ऊपर चढ़ाने लगे तभी अचानक सामने से दूसरा बाइक सवार आ गया और उससे बचने के लिए उन्होंने अपनी बाइक रोक ली, लेकिन उनकी बाइक अनियंत्रित होने से वे गिरकर घायल हो गए। पास मौजूद परसराम बचले एवं अन्य लोगों द्वारा मुन्ना कसावरे की मदद करते हुए,उन्हें उठाकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उनके हाथ, पैर और सर में चोट आई है नागरिकों ने दुर्गा मठ के समक्ष बने मार्ग को व्यवस्थित किए जाने की मांग की है ताकि यहां बार-बार दुर्घटनाएं ना हो और कभी गंभीर दुर्घटना का सामना ना करना पड़े।

# सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी बढ़ा रहे दुर्घटनाएं



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशु इन दिनों सड़क दुर्घटना का कारण बन रहे हैं । आए दिन नगर में इन आवारा पशुओं से टकराकर घायल होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी सड़क दुर्घटना में ना सिर्फ इंसान घायल हो रहे हैं बल्कि पशु स्वयं भी घायल हो रहे हैं। बुधवार नगर के बैतूल रोड पर एलआईसी ऑफिस के सामने एक स्कार्पियो वाहन द्वारा बछिया को टक्कर मार दी गई, जिससे उसका पैर वाहन की चपेट में आ गया, जिसके कारण वह घायल अवस्था में जमीन पर गिर गई। पास ही मौजूद श्रीकांत विश्वकर्मा, गुड्डू पवार, गुलशन महोबे, आकाश राठौर आदि ने तत्काल दौड़ लगाकर उस बछिया की मरहम पट्टी कर, उसे प्राथमिक उपचार दिया। इसी दौरान उस बछिया का मालिक भी मौके पर पहुंच गया और उपचार दे रहे युवाओं पर ही भड़क पड़ा, जबकि पशुओं को आवारा छोड़ने से लगातार नगर में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है।

**नगर पालिका का काऊ केचर बना शो पीस:** नगर पालिका द्वारा विगत दिनों लाखों रुपए का कर्च कर काऊ केचर खरीदा गया था, लेकिन अब यह शोपीस बनकर नगरपालिका में खड़ा दिखाई देता है। नगर में घूमने वाले आवारा पशुओं के खिलाफ नगरपालिका भी कोई कार्यवाही करते हुए नहीं दिखाई देती है। ऐसे में अपने पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशु मालिकों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं और वे बैखोफ अपने पशुओं को नगर में खुला छोड़ देते हैं।

**पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर नपा करें कार्रवाई:** श्रीकांत विश्वकर्मा ने नगर पालिका में शिकायत करते हुए आवारा पशुओं को पकड़ने और उनके मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि बारिश के समय में आवारा पशु सड़कों पर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है इसे कम करने के लिए नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की जानी आवश्यक है।

*मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: क्षेत्र के 33 बुजुर्ग करेंगे तीर्थयात्रा*

# नगर परिषद अध्यक्ष ने स्वागत कर यात्रियों को द्वारकापुरी के लिए किया रवाना



**चिचोली, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुधवार को चिचोली नगरीय क्षेत्र से तीर्थ यात्रियों का जत्था द्वारकापुरी के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वर्षा रितेश मालवीय ने नगर परिषद चिचोली के सामुदायिक आदिवासी मंगल भवन मे एकत्रित हुए सभी 33 तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही सभी तीर्थ यात्रियों को उनकी यात्रा सकुशल संपन्न हो इसके लिए ईश्वर से कामना की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर नगर परिषद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष वर्षा संजय आवलेकर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय, जिला भाजपा उपाध्यक्ष शंकरराव चढ़ोकार, भाजपा नेता रितेश मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश आवलेकर, वार्ड पार्षद उमेश पेठे, वार्ड पार्षद अनुसूया वानखेडे मंडल महामंत्री अमन सिंह कुशवाहा भाजपा नेता गोलू जैन अमित देशपाँडे ,बाबू पानकर सहीत नगर परिषद का स्टाफ एवं समस्त 33 यात्री शामिल है!

### नपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



**भैसदेही, देशबन्धु।** नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा द्वारकापुरी के लिए जाने वाले समस्त यात्रियों का नगर परिषद् प्रागंण में पुष्प माला व तिलक लगाकर स्वागत कर रवाना किया गया। इस दौरान नगर परिषद् अध्यक्ष मनीष सोलंकी ,पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह किलेदार, भाजपा मंडल महा मंत्री दिलीप घोरे, पूर्व एल्डरमेन कमलेश (गोलू) राठौर, पार्षद ब्रम्हदेव कुबड़े (पटेल), सुरजित (सुज्जू) सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका ए.आर. सांवरे कार्यक्रम प्रभारी सहायक राजस्व निरिक्षक अशोक कुबड़े ने यात्रियों का स्वागत किया। द्वारकापुरी जाने वालों में सम्पत फाटे वार्ड क्रमांक 7 ,सुमन सम्पत वार्ड 7, अनिता हरिराम वार्ड 15 , रामनाथ लालाराम वार्ड 5, शीतला देवी रामनाथ वार्ड 5, गजरा चिन्ध्या वार्ड 15 शामिल है। इस अवसर पर किशोर सिंह ठाकुर, दिपक मालवीय, चंद्रभान लोखंडे, ललीत उईके, अभिषेक पाटनकर, शीला जगताप, योगेष सोनी, रविकांत पवार, अंकिता वाघमारे, नेहा कुबड़े,मोहित राठौर मौजूद रहे।

## सार समाचार

### मंडी बोर्ड के स्वर्ण जयंती वर्ष में पौधारोपण से कार्यक्रमों का शुभारंभ



**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी इटारसी में स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में अशोक के पौधे रोपे गये। इस दौरान मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नवागत एसडीएम और भारसाधक अधिकारी श्रीमती नीता कोरी और विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल के आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मंडी प्रभारी सचिव केसी बामलिया, तुलावटी हम्माल एसोसिएशन अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद यादव कल्लू पहलवान, गौतम रघुवंशी, ओपी मालवीय, राजेश बर्डे, राजेश इंगले, रामकुमार दुबे, मुकेश पाराशर,विपुल यादव, अनमोल, लोकेश सहित अन्य मंडी कर्मचारी स्टाफ मौजूद रहा। बता दें मंडी बोर्ड इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है जिसके तहत आज से दिन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन यहां किया जा रहा है।

### मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 जिले में 7 अगस्त से होगा प्रारंभ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 7 अगस्त से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का हैड काउंट सर्वे करवाकर उन्हें टीकाकृत किया जाएगा। सभी लक्षित बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 को सफल बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि गावों में मुनादी भी कराई जाए। मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी माता-पिता तथा अभिभावकों से इस अभियान के तहत बच्चों का टीकाकरण कराने की अपील की है। मिशन इंद्रधनुष अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर तक, तृतीय चरण 09 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के तहत टीकाकृत किये गये बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के कवरेज का इन्द्राज किया जायेगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से लाभार्थी गर्भवती महिला व बच्चों के टीके देश के किसी भी कोने में लगाये जा सकते हैं। जिसका रिकॉर्ड सॉफ्टवेयर में स्वत: हो जाएगा।

### आदतन अपराधी जिला बदर, अवैध शराब परिवहन के 5 वाहन होंगे राजसात

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत एक प्रकरण में जिला बदर का आदेश पारित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लीला जाटव आत्मज मक्खू जाटव उम्र 50 वर्ष निवासी बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम को जिला नर्मदापुरम एवं सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासन किये जाने के आदेश दिए है। इसी तरह मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत 5 प्रकरणों में अवैध रूप से शराब का परिवहन किये जाने के कारण अवैध शराब परिहवन में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने के आदेश पारित किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना इटारसी में दर्ज अपराध के तहत वाहन स्वामी करन सोनाले पिता प्रकाश सोनाले निवासी इटारसी की मोटरसायकल क्रमांक एमपी 05 एमटी 9901, थाना सोहागपुर अंतर्गत वाहन स्वामी आकाश विश्वकर्मा निवासी चांदामेटा जिला छिंदवाड़ा की मारूति ईको क्रमांक एमपी 28 सी 8297, थाना माखननगर अंतर्गत वाहन स्वामी बंटी उर्फ राजेश गोलिया पिता रवि गोलिया निवासी मानागांव की मोटरसायकल क्रमांक एमपी 05 एमआर 4914 एवं वाहन स्वामी माधुरी पत्नि ब्रिजेन्द्र कुचबंदिया निवासी आवास कॉलोनी माखननगर की बिना नंबर की स्कूटी तथा थाना कोतवाली नर्मदापुरम अंतर्गत वाहन स्वामी मुन्नालाल आत्मज कोमलप्रसाद सोनी निवासी अशोक नगर का लोडिंग आटो क्रमांक एमपी 67 जी 0295 को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है।

# मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन, सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को होगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया हैं। जिसके बाद 3 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रत्येक मतदान केंद्रों पर संबंधित सेक्टर ऑफिसर मतदाता सूची का वाचन करेंगे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रिंटेड प्रति तथा पेन ड्राइव में सॉफ्ट कॉपी प्रदान की। कलेक्टर ने इस अवसर पर बताया कि बुधवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर बीएलओ द्वारा किया जा चुका हैं। 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सेक्टर अधिकारियों द्वारा बीएलओ और मतदाताओं की उपस्थिति में मतदाता सूची का वाचन करेंगे। 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### जिले में कुल 910141 मतदाता=

प्रारूप प्रकाशन के अनुसार जिले में 2 अगस्त की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 910141 हैं। जिनमें पुरुष मतदाता 475360 , महिला मतदाता 434746 एवं 35 थर्ड जेंडर हैं। विधानसभा सिवनीमालवा में मतदाताओं की संख्या 238217 हैं। जिनमें पुरुष मतदाता 124893, महिला मतदाता 113316 एवं 8 थर्ड जेंडर हैं। विधानसभा होशंगाबाद में मतदाताओं की संख्या 213445 हैं। जिनमें पुरुष मतदाता 109270, महिला मतदाता 104159 एवं 16 थर्ड जेंडर हैं। विधानसभा सोहागपुर में मतदाताओं की संख्या 235150 हैं। जिनमें पुरुष मतदाता 124549, महिला मतदाता 110595 एवं 6 थर्ड जेंडर हैं। विधानसभा पिपरिया में मतदाताओं की संख्या 223329 हैं। जिनमें पुरुष मतदाता 116648, महिला मतदाता 106676 एवं 5 थर्ड जेंडर हैं। जिले में युक्तियुक्तकरण उपरांत कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1187 है, जिनमें सिवनीमालवा में 318 , होशंगाबाद में 238, सोहागपुर में 314 एवं पिपरिया में 317 मतदान केंद्र शामिल हैं। 5 जनवरी 2023 को किए गए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 902529 थी। इस प्रकार 2 अगस्त को हुए प्रारूप प्रकाशन की स्थिति में जिले में 7612 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है जिनमें 3068 पुरुष, 4556 महिला मतदाता शामिल हैं ।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम



कलेक्टर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी 31 अगस्त के पूर्व प्रत्येक कार्यदिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। उन्होने बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। शिविर के दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। उन्होने बताया कि 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। आगामी 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों के संबंध में दावे आपत्ति प्राप्त कर उनका निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। आगामी 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। बैठक में नवागत अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम आशीष पांडे, मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे साहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले से रामेश्वरम के लिए रवाना हुए 150 यात्री



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से 150 तीर्थयात्रियों का जत्था विशेष ट्रेन से रामेश्वरम के लिए रवाना किया गया। रेलवे स्टेशन नर्मदापुरम में सभी यात्रियों का स्वागत करने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी पहुंचे। इस दौरान तीर्थयात्री तथा उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। वहीं यात्रियों के भोजन तथा नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। जिले से ट्रेन तीर्थ स्थल रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। तीर्थयात्रा रवाना होने से पूर्व नगर पालिका नर्मदापुरम के प्रांगण में तीर्थयात्रियों का स्वागत विधायक डॉ सीतासरन शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के द्वारा फूलमालओं से किया गया। नर्मदापुरम जिले के लिए 150 बर्थ आवंटित की गई हैं। तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से जाने वाले जिले के बुजुर्गों और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा था।नगर पालिका कार्यालय के समक्ष यात्रियों को उनकी टिकिट प्रदान की गई।

# शौचालय में सफाई न होने पर नाराज हुए सभापति राकेश जाधव



**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद में स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव ने पुराने फल बाजार में स्थित सुलभ शौचालय काम्पलेक्स का निरीक्षण कर संचालक को फटकार लगायी।

उन्होंने कहा कि शौचालय की शिकायत लगातार व्यापारियों से मिल रही थी जिसका आज निरीक्षण किया तो दरवाजों की कुंडियां टूटी होना, नालों में पानी नहीं आना, साबुन नहीं होना, साफ सफाई नहीं होना जैसी समस्या मिली है। सभापति राकेश जाधव ने शौचालय के संचालक को जमकर फटकार लगाते हुए नगरपालिका अधिकारियों को 3 दिन में शौचालय की अव्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए नहीं तो ठेका निरस्त किया जायेगा। श्री जाधव ने कहा की पेशाब करने पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा, ठेकेदार अपने कमचारियों को निर्देशित करे, इस प्रकार की शिकायत दोबारा नहीं आनी चाहिए। इसे अंतिम चेतावनी मानें। साथ में स्वास्थ विभाग के नपा कर्मचारी कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल मौजूद थे।

# 9 अगस्त को संसद घेराव के लिए पीले चावल बांटकर कर आमंत्रण दिया



**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन ने मनोज रैकवार के नेतृत्व में आज पीडब्लूआई ऑफिस न्यू यार्ड में युवा जागृति सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम करके युवा कर्मचारियों को 9 अगस्त को दिल्ली मार्च में शामिल होने के लिए पीर चावल बांटकर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर बिजली विभाग, आईओडब्ल्यू विभाग, डीजल शेड, एसी शेड एवं इंजीनियरिंग के ट्रैकमैन भारी संख्या में उपस्थित रहे। कर्मचारियों को बताया कि 9 अगस्त को इटारसी से दिल्ली पहुंच कर संसद मार्च किया जाएगा। कामरेड मुकेश गालव, फिलिप ओमन, टी के गौतम, आरके यादव के आह्वान पर आज पीडब्ल्यूआई ऑफिस न्यू इटारसी में जावेद खान, मनोज रैकवार, मुबारक अली, नितेश देवड़ा ,शंभू सिंह, जितेंद्र गालर ,प्रदीप कुमार, संदीप धनपाल चौरे , सोहित सिंह, उमेश निगम ,अनुभव पाल ,युवा महामंत्री प्रीतम तिवारी, रविंद्र चौधरी, धर्मेंद्र मौर्य, अमित मिंज सोनू,अशोक सज्जन यादव के नेतृत्व में एक आम सभा का आयोजन किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों को बताया कि एनपीएस के खिलाफ ओल्ड पेंशन स्कीम पाने के लिए संसद का घेराव करने के लिए सैकड़ों युवा 9 तारीख को दिल्ली की ओर रवाना होंगे। मंडल उपाध्यक्ष जावेद खान इटारसी, शीर्ष नेता मनोज रैकवार ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि यह अपने परिवार की लड़ाई है, अपने हक की लड़ाई है, यदि 2024 के पहले नई पेंशन स्कीम समाप्त नहीं की गई तो सभी सरकारी एवं केंद्र कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में रहेगा, लगातार युवा जागृति सप्ताह के तीसरे दिन रैली निकालकर पीले चावल बांटकर लाल झंडे के पदाधिकारियों ने एकता का परिचय दिया एवं लाल झंडे को मजबूत बनाया। उक्त जानकारी यूनियन प्रवक्ता प्रीतम तिवारी द्वारा दी गई।

# सोपास ने नवागत एसडीएम नीता कोरी से की मुलाकात



**इटारसी, देशबन्धु।** सोसायटी फॉर स्कूल डायरेक्टर्स सोपास के पदाधिकारियों ने बुधवार को नवागत एसडीएम श्रीमती नीता कोरी से, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। उन्हें पुष्प पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया एवं शहर की गतिविधियों एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की।

इस दौरान श्रीमती कोरी ने कहा कि नर्मदापुरम के स्कूलों का जो आरटीई का पैसा रुका हुआ है, उसका प्रपोजल राज शिक्षा केंद्र को पहुंच चुका है, बहुत जल्द ही एक क्लिक में यह पैसा आपके खाते में पहुंच जाएगा। ज्ञात रहे कि नर्मदापुरम श्रीमती कोरी डीपीसी के पद पर प्रभारी के रूप में पदस्थ थीं। इस अवसर पर सोपास के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव भारद्वाज, प्रदेश संगठन मंत्री जिला कार्यसमिति सदस्य, जाफर सिद्दीकी, लोकेंद्र साहू, घनश्याम शर्मा, नरवर पटेल, चिंटू जैन, मनोज पटेल उपस्थित थे।

# प्रभारी ने कार्यकर्ताओं में फूंका जोश

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला कॉंग्रेस कार्यालय राजीव भवन में जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल की अध्यक्षता एवं जिला कॉंग्रेस के संगठन प्रभारी रूद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई इस आशय की जानकारी जिला कॉंग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि जिला कॉंग्रेस के नवनियुक्त संगठन प्रभारी रूद्र प्रताप सिंह के प्रथम छतरपुर आगमन पर कांग्रेस कमेटी के संगठन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी वक्ताओं ने पूर्व संगठन प्रभारी नारायण प्रजापति के संगठन के लिए किये गए कार्य की प्रसंशा की एवं नवनियुक्त संगठन प्रभारी रूद्र प्रताप सिंह जी ने अपने उदबोधन में कहा कि नारायण प्रजापति जी के साथ सह प्रभारी रहते हुए जिला में कांग्रेस संगठन बहुत मजबूत हुआ एवं जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल के अथक परिश्रम से आज कांग्रेस संगठन बूथ स्तर पर मजबूत खड़ा है अपने उदबोधन में कांग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल ने सभी अनुरोध करते हुए कहा कि सभी छतरपुर जिला की सभी 6 सीटों को जिताने का लक्ष्य लेकर संगठन काम कर रहे हैं कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री सूर्य प्रताप सिंह बुन्देला ने किया इस अवसर पर कार्यलय प्रभारी सरमन लाल मिश्रा, कार्यकारी, अध्यक्ष अनीस खान, दीप्ति पांडे, कैलाश कुशवाहा, आदित्य सिंह, किशोरी लाल अहिरवार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष स्मिता खरे, शिवानी चौरसिया,अनित्यता सिंह, उर्मिला अहिरवार लक्ष्मी चौबे, परवीन खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, एन एस यू आई अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, आईटी सेल अध्यक्ष दीपांशु यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष पाशा सिद्दीकी, पूर्व प्रत्याशी चंदला हर प्रसाद अनुरागी सह प्रवक्ता रविशंकर अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य देवी दयाल अहिरवार, उपाध्यक्ष डा रामबाबू राजपूत, रमेश द्विवेदी,व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ अध्यक्ष हरीश लालवानी,हनीफ खान, गोविन्द अहिरवार एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सर्प दंश से मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम टिपरिया में रात को घर में सो रहे एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उसे अस्पताल लाए थे लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के साले रामबगस ने बताया कि भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम फुटवारी का रहने वाला उसका जीजा मोतीलाल पुत्र प्यारेलाल राजपूत उम्र 40 वर्ष ग्राम टिपरिया में उसके घर पर रहते हुए खेती-किसानी का काम करता था।

बीती रात एक धार्मिक कार्यक्रम शामिल होने के बाद मोतीलाल घर में सो गया था, तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाए लेकिन तब तक जहर शरीर में फैल चुका था। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बाद भी मोतीलाल की जान चली गई। मंगलवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद मोतीलाल का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


## आम सूचना

मै सोजर लाल गोहते पिता श्री पन्ना गोहते आयु 60 वर्ष निवासी साई मंदिर के पास मोती वार्ड क्रं. 11 बैतूल तह. जिला बैतूल का स्थाई निवासी हूं। मेरा सही एवं वास्तविक नाम सरनेम सहित सोजरलाल गोहते है, जो कि सत्य एवं सही होकर मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। मेरे **पासपोर्ट क्रं. के 6116813** जारी हुआ है जिसमें मेरा मात्र नाम सोजर लाल दर्ज है सरनेस गोहते दर्ज नहीं हो पाया है। यह कि भविष्य में किसी प्रकार की विधिक परेशानी ना होने पावे जिस कारण आधार कार्ड के अनुसार अपना सही नाम सोजर लाल गोहते पासपोर्ट कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि सोजर लाल एवं सोजर लाल गोहते दोनों नाम में शपथकर्ता के होकर एक ही व्यक्ति के दोनों नाम है। यह कि मैं शपथकर्ता द्वारा प्रस्तुत जानकारी सत्य एवं सही है असत्य पाये जाने पर मैं स्वयं जवाबदार रहूंगा। अत: पासपोर्ट में सही नाम **सोजर लाल गोहते** दर्ज करने की सत्यता बावत यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथ कर्ता**


# बुजुर्ग महिला को सम्मान के साथ मकान में रहने देने और प्रतिमाह 2-2 हजार की राशि देने के पुत्रों को दिए आदेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के तहत एक प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम आशीष पांडे द्वारा आदेश पारित किया गया है कि आवेदिका 70 वर्षीय वृद्ध रेखा तिवारी के पुत्र आलोक तिवारी, अमित तिवारी एवं अभिषेक तिवारी अपनी माँ को उनके भरण पोषण के लिए प्रति माह 2-2 हजार रूपए राशि प्रदान करेंगे।

आदेश का पालन न करने की दशा में रेखा तिवारी के उक्त पुत्रों के विरूद्ध माता-पिता भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत कारावास के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकरण में अनावेदिका प्रीति तिवारी पत्नि आलोक तिवारी को आदेशित किया गया है कि वे रेखा तिवारी को ससम्मान एसपी बंगले के सामने मालाखेड़ी रोड नर्मदापुरम स्थित मकान में दो कमरे स्वतंत्र रूप से निवास के लिए प्रदाय करे एवं अनावेदिका प्रीति तिवारी को आदेशित किया गया है कि वे रेखा तिवारी के साथ शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना अथवा किसी भी प्रकार से अभद्रतापूर्ण व्यवहार नही करे। भविष्य में इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। प्रकरण के संक्षिप्त विवरण के अनुसार आवेदिका रेखा तिवारी उम्र 70 वर्ष ने बताया है कि अनावेदिका प्रीति तिवारी ने आवेदिका के मकान पर विधि विरूद्धरूप से कब्जा कर लिया है तथा अनावेदक आलोक तिवारी को भी घर से भगा दिया है। जबकि अनावेदक प्रीति तिवारी अनावेदक आलोक तिवारी की पत्नि है जिनका विवाह वर्ष 2007 में हुआ है। अनावेदिका प्रीति तिवारी द्वारा मकान हड़पने की नीयत से आवेदिका रेखा तिवारी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट कर भगा देती है। आवेदिका उक्त परिस्थितियों में वर्तमान में अपनी छोटी पुत्री की दया पर आश्रित है।

प्रकरण में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी नर्मदापुरम द्वारा उक्त आदेश पारित कर तहसीलदार नगर नर्मदापुरम को आदेशित किया है कि आदेश का पालन कराया जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा थाना प्रभारी कोतवाली नर्मदापुरम को आदेशित किया गया है कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।


क्रं. 69/मेला/1213 दिनांक 02.08.2023

## निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | टेंण्डर फार्म की राशि | टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 वर्ष हेतु (नागपंचमी एवं शिवरात्रि) मेला दौरान) 06 नग अस्थाई टिन शेड | 75000/- | 2000/- | 500/- | 07.08.2023 समय 16.00 बजे |

कृपया ध्यान रहे इसके पश्चात टेंडर से संबंधित समस्त सूचना नोटिफिकेशन संशोधन गर्वमेंट की ई-प्रिक्योरमेंट साईट पर प्रकाशित किये जावेंगे। टेंडर गर्वमेंट की ई-प्रिक्योरमेंट पोर्टल www.eprocure.gov.in के माध्यम से जमा करना होगा।

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**

राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

# 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 10 को विक्रम पुरस्कार



**भोपाल, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की है। श्रीमती सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाडियों को एकलव्य पुरस्कार, 10 को विक्रम, एक प्रशिक्षक को विश्वामित्र तथा एक खेल हस्ती को लाइफ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 तक एकलव्य पुरस्कार विजेता को 25 हजार रूपये और विक्रम, विश्वामित्र और लाईफ टाईम अवार्ड के विजेताओं को 50 हजार रूपये की राशि दी जाती थी।

वर्ष 2021 से सभी पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया। अब एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को एक लाख रूपये और शेष को दो लाख रूपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। वर्ष 2013 से पारंपरिक खेल मलखंब में उत्कृष्टता के लिए स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार प्रारंभ किया गया। जिसमें विजेताओं को दो लाख रूपये की राशि से सम्मानित किया जाता है।

### एकलव्य पुरस्कार

वर्ष 2022 के एकलव्य पुरस्कार के लिए भोपाल के आस्था दांगी (क्याकिंग-केनोइंग), अमन सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग), प्रज्ञा सिंह (फेंसिंग), आशी चौकसे (शूटिंग) और सौम्या तिवारी (क्रिकेट), राजगढ़ की रितिका दांगी (सेलिंग), देवास के अभिषेक परिहार (सॉफ्ट-टेनिस), इंदौर की पलक शर्मा (तैराकी), ग्वालियर की खुशबू (हॉकी), उज्जैन के दीपेश लश्करी (जिम्नास्टिक) और इन्द्रजीत नागर को (मलखंब) खेल में एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

**अनिल धूपर को लाइफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड**

### विक्रम पुरस्कार

वर्ष 2022 के विक्रम पुरस्कारों के लिए भोपाल के राजू सिंह (घुड़सवारी), देवास के आदित्य दुबे (सॉफ्ट-टेनिस), सीहोर की नीतू वर्मा (क्याकिंग-केनोइंग), अशोकनगर के भूरक्षा दुबे (वूशु), रायसेन की प्रगति दुबे (शूटिंग), इंदौर के सुबोध चौरसिया (सॉफ्टबाल) एवं आवेश खान को (क्रिकेट), ग्वालियर के नीरज राणा (हॉकी) तथा धनंजय दुबे (टेनिस) (दिव्यांग वर्ग में) तथा उज्जैन के राजवीर सिंह पंवार के नामों की घोषणा हुई है।

### विश्वामित्र पुरस्कार

किसी भी खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सही प्रशिक्षण महत्पूर्ण होता है। इसमे प्रशिक्षक की अहम भूमिका होती है। वर्ष 2022 में विश्वामित्र पुरस्कार के लिए भोपाल की बैंडमिंटन प्रशिक्षक श्रीमती रश्मि मालवीय का चयन किया गया है।

### लाईफ टाईम एचीमेंट आवर्ड

वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय लाईफ टाईम एचीमेंट पुरस्कार की श्रेणी में इंदौर के अनिल धूपर (टेनिस) का चयन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मंदसौर में 13 सौ करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि पूजन किया, बोले

# बेटियों के प्रति भेदभाव को दूर करने बनाई लाड़ली लक्ष्मी योजना



- किसानों का कल्याण उच्च प्राथमिकता
- मंदसौर विधानसभा में भी पहुँचेगा चम्बल का पानी
- धुंधडका टप्पा बनेगा तहसील

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों के साथ परिवार और समाज के स्तर पर भेदभाव के कई उदाहरण देखे। इससे उद्वेलित होकर ही लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। इसके बाद बेटियों और बहनों के लिए निरंतर अनेक योजनाएं बनाई गईं। इन योजनाओं से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का कार्य सफलता पूर्वक हुआ है। इस दिशा में मध्यप्रदेश में निरंतर कार्य हो रहे हैं। विकास पर्व के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पीपलियामंडी जिला मंदसौर में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 1337 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। किसान सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन के साथ किया। मुख्यमंत्री ने 126 गाँवों से सभा में लाए गए 126 कलश की पूजा भी की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसान-कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा रहा है। किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर 12 हजार रूपये किया गया है। पुरानी सरकार ने किसानों को डिफाल्टर बना दिया था। हमारी सरकार ने उनके ब्याज की राशि भरकर उन्हें फिर से शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसलों के लिये ऋण दिलाना प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री श्री सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में मैं बहनों को केवल पैसा नहीं दे रहा हूँ, बल्कि बहनों को सम्मान और मान दे रहा हूँ। यह राशि केवल 1 हजार नहीं रहेगी, बल्कि बढ़ा कर इसे 1250 फिर 1500 फिर 1750 फिर 2000 फिर 2250 फिर 2500 फिर 2750 एवं फिर 3000 तक किया जाएगा। अब इसमें 21 से 23 वर्ष की बहनों एवं ट्रैक्टर वाले परिवारों की बहनों को भी शामिल कर लिया गया है। आगामी 10 अगस्त को फिर से सभी बहनों के खाते में 1 हजार की राशि भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि मंदसौर जिले की धुंधडका टप्पा को तहसील का दर्जा प्रदान किया जाएगा। मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजना के अंतर्गत छूटे हुए 31 गाँवों को शामिल किया जाएगा। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में भी चंबल का पानी लाया जाएगा।

जिले के प्रभारी मंत्री तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, श्री देवी लाल धाकड़, श्री दिलीप सिंह परिहार, श्री माधव मारू, श्री नानालाल अटोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, श्री कैलाश चावला, श्री राधेश्याम पाटीदार, श्री बंशीलाल गुर्जर, श्री चंद्र सिंह सिसोदिया सहित अन्य सभी जन-प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में किसान, लाड़ली बहनें सहित जन-समुदाय उपस्थित था।

## विकास पर्व में उमड़ा जन-सैलाब, समरसता यात्रा बनी जनदर्शन का हिस्सा

*आगर मालवा में आयोजित विकास पर्व के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत सम्मान करने के लिए उमड़ पड़ा। इस दौरान घरों की छत से, कहीं मंच से पुष्पों की वर्षा की, तो कहीं साफा बांधकर और शॉल-श्रीफल भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। लाड़ली बहनों और भांजियों ने मुख्यमंत्री के स्वागत में फूलों की वर्षा की। मुख्यमंत्री के स्वागत और सम्मान में बच्चे, युवाओं, महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। लाड़ली बहनों सहित अन्य हितग्राहियों ने विभिन्न जन-कल्याणकारी शासकीय योजनाओं के नाम और धन्यवाद भैय्या लिखी तख्तियां लहराकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। जनदर्शन यात्रा के दौरान लाड़ली बहनों के स्कूटी दल ने मुख्यमंत्री चौहान की अगवानी की। लाड़ली बहनों ने एक जैसी वेश-भूषा में जनदर्शन के पूरे मार्ग में अलग अंदाज में ''लाड़ले भैय्या'' के प्रति आभार प्रकट किया। इस दल में रीना शर्मा, शारदा यादव, सरताज बी, सरिता सोलंकी, प्रिया सोलंकी, रीना सोलंकी, रेणु राठौर, पद्मा शर्मा, उषा सोनी, पूजा कुंभकार, शिवालिका शर्मा, कविता नरवाल, आशा मालवीय, रीना राव, मुस्कान गवली, पूजा मालवीय, जस्सू मालवीय, रेशमा मुल्तानी, आरती जाटव, भारती गोयल, भावना चौहान, अनीता राठौर, रीना गुर्जर, हिना मुल्तानी आदि शामिल थीं। मुख्यमंत्री का जनदर्शन छावनी चौराहा से भगोरिया नृत्य-दल की अगवानी में प्रारंभ हुआ। संत शिरोमणि रविदास की समरसता यात्रा भी जनदर्शन का हिस्सा बनी। जनदर्शन यात्रा छावनी चौराहा से छावनी झंडा चौक, रत्नसागर तालाब रोड़, नाना बाजार, सराफा बाजार, हाटपुरा, बड़ौद दरवाजा, अस्पताल चौराहा होते हुए विजय स्तम्भ पहुंची।*

केन्द्रीय मंत्री तोमर ने उज्जैन में कहा-

# भाजपा सरकारों ने विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी




**पहले 4-5 घंटे लगते थे, अब 2 घंटे में पहुंच जाते हैं उज्जैन**

**भोपाल, देशबन्धु।** जब से प्रदेश में 2003 के बाद भाजपा सरकार आई है, प्रदेश की सड़कें बढ़िया हो गई हैं। पहले उज्जैन से भोपाल जाने में 4 से 5 घंटे लगते थे और गड्ढों का सामना करना पड़ता था। अब स्थिति यह है कि उज्जैन से भोपाल जाने में सिर्फ 2 घंटे का समय लग रहा है। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को उज्जैन संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे। अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 25 के करीब हो गई है।

श्री तोमर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने जनकल्याणकारी कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी, लाडली बहना जैसी योजना चलाई जिससे महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। वहीं केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं चलाईं जिनसे जनता का कल्याण हुआ। श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने खूब जन कल्याणकारी काम किए हैं और विकास भी किया है, लेकिन अब फिर से विधानसभा चुनाव आ रहे हैं और एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए आप कार्यकर्ताओं को लगना पड़ेगा। आपको बूथ स्तर तक जाकर सरकार की योजनाओं का ठीक ढंग से प्रचार-प्रसार करना होगा और जनता से सीधे बात करना पड़ेगी। तभी विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में हमारी जीत होगी। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस को परास्त करना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग जरूरी है।

## मुख्यमंत्री कल जनसेवा मित्रों से करेंगे संवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** युवाओं को आगे रखकर प्रदेश विकास की नई तहरीर लिखने की तरफ कदम बढ़ा चुके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर युवाओं के बीच होंगे। श्री चौहान 4 अगस्त को लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में करीब 10 हजार से ज्यादा युवाओं से चर्चा करेंगे। प्रदेश भर से चुने गए जन-सेवा मित्रों को नियुक्ति-पत्र देंगे। इस दौरान वे जन-सेवा मित्र भी मौजूद रहेंगे, जो पिछले 6 माह से प्रदेश के हर ब्लॉक तक पहुँचकर जन-सेवा कर रहे हैं। वर्तमान में सभी 52 जिलों के 313 ब्लॉक में करीब 4695 जनसेवा मित्र काम कर रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा तैयार किए गए दुनिया के अभिनव और अनूठे प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप प्रोग्राम में 18 से 29 आयुवर्ग के स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को शामिल किया गया है। सीखने के दौरान कमाई का अवसर देते हुए चुने गए सभी इंटर्न को 8 हजार रुपए प्रति माह का मानदेय भी दिया जा रहा है।

# कूनो में एक और चीते ने तोड़ा दम

- नेशनल पार्क में अब तक 9 चीतों की मौत
- इस बार मादा चीता टिबलिसी की गई जान



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता धात्री टिबलिसी की मौत हो गई है। मौत की वजह पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। 26 मार्च से अब तक 9 चीतों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन शावक भी शामिल हैं, जिनका जन्म कूनो में हुआ था।

इसके पहले कूनो प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी कर कहा, 'कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में रखे गए 14 चीते (7 नर, 6 मादा और 1 शावक) स्वस्थ हैं। कूनो और नामीबिया के जंगली जीवन के विशेषज्ञ लगातार उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। इनके अलावा खुले जंगल में घूम रहीं दो मादा चीता पर निगरानी रखी जा रही है और उनको बाड़े में लाने के प्रयास जारी हैं। इन दोनों में से एक मादा चीता टिबलिसी आज सुबह मृत पाई गई। टिबलिसी कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में घूम रही थी। उसे हेल्थ चेकअप के लिए लाया जाना था, पिछले 10 दिनों से वन विभाग की टीम उसे तलाश रही थी।

### कमलनाथ का सरकार पर निशाना

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कूनो में हो रहीं चीतों की मौत को लेकर शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा, 'कूनो में लगातार हो रही चीतों की मौत के बाद भी सरकार इस बात पर अड़ी है कि वह चीतों की शिफ्टिंग नहीं करेगी। बेगुनाह वन्य प्राणियों को राजहठ की भेंट चढ़ाना निंदनीय है।'

### सुप्रीम कोर्ट भी मौत पर जता चुका है चिंता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कूनो में चीतों की मौत पर चिंता जता चुका है। कोर्ट ने 20 जुलाई को केंद्र सरकार से कहा था, 'राजनीति से ऊपर उठकर कूनो से कुछ चीतों को राजस्थान शिफ्ट करने पर विचार करना चाहिए। क्यों नहीं आप राजस्थान में कोई अच्छी जगह ढूंढते? सिर्फ इसलिए कि राजस्थान में विपक्षी दल (कांग्रेस) की सरकार है, इसका मतलब यह नहीं कि आप इस प्रस्ताव पर विचार न करें।'

## दूसरे राज्यों के लिए भी नजीर बन सकती है बिहार की जातीय गणना

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पटना उच्च न्यायालय के जाति आधारित गणना को रोकने वाली तमाम याचिकाओं को मंगलवार को खारिज किए जाने के बाद बुधवार से राज्य में एक बार फिर से जातीय गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसे लेकर सियासत भी खूब हो रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 10 से 12 दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस बीच कई राज्यों में जातीय गणना की मांग उठने के बाद यह कहा जाने लगा है कि बिहार की यह जातीय गणना अन्य कई राज्यों के लिए नजीर बनेगी। जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार कहते भी हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के कई कार्यों को केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारों ने अपनाया है। इसमें कोई शक नहीं कि बिहार में हो रही जातीय गणना भी अन्य प्रदेशों के लिए नजीर बनेगी। पटना सहित राज्य के कई जिलों में बुधवार से जाति आधारित सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द जाति आधारित सर्वे का काम पूरा कराएं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि फिर से जाति आधारित गणना का काम शुरू हो गया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पटना जिला में 13.69 लाख परिवार हैं। इनमें से 9 लाख 35 हजार परिवारों की गिनती का काम करीब पूरा कर लिया गया है। 4 लाख 34 हजार परिवारों की गिनती का काम बाकी रह गया है। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर इस कार्य के पूरा किए जाने की उम्मीद है। इस बीच शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को भी गणना कार्य में लगाने को लेकर सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन का आयोजन

# शोषण के बरक्स करूणा का आख्यान रचते हैं प्रेमचंद



**देवास, देशबन्धु।** प्रेमचंद के स्मरण को कतई रस्मी नहीं माना जा सकता, बल्कि इसलिए ज़रूरी है कि मूल्यों का पतन अभी भी है। समय बदल गया है लेकिन विसंगतियाँ अभी भी हैं, बदल गईं हैं पर हैं। उन्होंने शोषण के खिलाफ़ आवाज़ बनकर अपने दौर की विसंगतियों में फँसे समाज के त्रासद जीवन की मार्मिक करुणा का आख्यान रचा, वह बेहद महत्त्वपूर्ण है। इन सौ सालों में उनके आगे की पीढ़ी के रचनाकारों ने भी अपने समय और समाज से उपजे सवालों को पूरी बेबाकी से उठाया है।

यह बात मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन की देवास इकाई के आयोजन 'प्रेमचंद स्मरण' में वरिष्ठ कथाकार प्रकाश कान्त तथा सुपरिचित उपन्यासकार सुनील चतुर्वेदी ने नयी पीढ़ी के रचनाकारों की तरफ़ से आए सवालों के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का आज भी प्रासंगिक होना दुखद है पर हम अपने समाज में जब तक बदलाव नहीं ला पाते, वे इसी तरह प्रासंगिक बने रहेंगे। इसलिए भी स्मरण की बार-बार ज़रूरत है।

ईटी के खचाखच भरे सभागार में सबसे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए देवास इकाई की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन की गतिविधियों की जानकारी दी। विजय श्रीवास्तव, रामेश्वर पटेल तथा प्रतीक्षा पंड्या ने वक्ताओं का स्वागत किया। बिंदु तिवारी ने स्वागत भाषण दिया।

मनीष शर्मा ने प्रेमचंद की कहानी 'गुल्ली-डंडा' का भाव प्रवण पाठ किया। सोनल शर्मा ने अपनी ताज़ा कहानी 'चस्का' का पाठ किया। इन दोनों कहानियों में सौ साल से भी ज़्यादा का फासला होने के बाद भी जीवन मूल्यों के नज़रिए से इन दोनों में गहरा अंतर्संबंध है। संदीप भटनागर, स्नेहा शर्मा तथा बिंदु तिवारी ने प्रेमचंद को लेकर जिज्ञासाएँ व्यक्त कीं। अमेय कान्त ने सवाल उठाया कि भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में प्रेमचंद की आलोचकीय दृष्टि किस तरह थी और वे गांधी के आंदोलन तथा देश की तत्कालीन स्थितियों को किस तरह देख रहे थे। उनकी रचनाओं में इसका आलोक हम कैसे देख सकते हैं।

आयोजन के सूत्रधार के रूप में यशोधरा भटनागर ने सुव्यस्थित सञ्चालन किया। मुख्य अतिथि ओंकारेश्वर गेहलोत ने कहा कि हमें प्रेमचंद के लगभग पैंतीस-चालीस साल के रचना कर्म में विचारों का विचलन साफ़ दिखाई देता है। सोजे वतन से लेकर गोदान तक लगातार उनकी दृष्टि बदलती गई है। वरिष्ठ साहित्यकार जीवन सिंह ठाकुर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद के साहित्य को पढ़ते हुए हम स्वतन्त्रता आंदोलन को देख सकते हैं। उन्होंने जिस तरह अपने समय की चुनौतियों को देखा, समझा और लिखा, लगभग वही काम आज के रचनाकार भी पूरी मुस्तैदी से कर रहे हैं। आभार इकाई की सचिव कविता नागर ने माना। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सुधीजन, युवा पाठक तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन पर राजनीतिक दलों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक

# राजनीतिक दल करें युवा मतदाताओं को जोड़ने में सहयोग



**भोपाल, देशबन्धु।** राजनीतिक दल युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने में सहयोग करें। यह अपील आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने की। वह निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने यहां द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि सभी राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केंद्र में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें तथा सक्रियता से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बढ़े हुए मतदान केंद्र, कुल मतदाताओं की संख्या और अगस्त माह में लगने वाले विशेष शिविर के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव भी दिए गए।बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, बसंत कुर्रे, उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला, भाजपा से एसएस उप्पल, कांग्रेस से जेपी धनोपिया, महेंद्र जोशी, आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान, बसपा से सीएल गौतम, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचंद्र उपस्थित थे।

### 5 करोड़ 44 लाख से अधिक हुई मतदाताओं की संख्या

प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अब मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 44 लाख 52 हजार 522 हो गई है। इसमें सामान्य मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 43 लाख 77 हजार 095 है, (जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 81 लाख 26 हजार 191 है। महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 62 लाख 49 हजार 578 है, जबकि थर्ड जेंडर 1326)। सेवा मतदाता 75 हजार 427 है, (जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 73142 और महिला मतदाता 2285) है।

### 31 तक जुड़ेंगे मतदाता सूची में नाम

2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके अलावा द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार और रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

मानहानि मामला : राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब, कहा-

# कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ

**अहंकारी कहना सही नहीं है, मुझे अधिकतम सजा दी गई है**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर मुझे अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है। राहुल ने आगे कहा कि मानहानि केस में उन्हें अधिकतम सजा दी गई है। इसके चलते संसद सदस्यता चली गई। पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए। दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है। उनकी याचिका खारिज कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

सजा के खिलाफ राहुल सूरत सेशन कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट भी गए थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने 15 जुलाई को सजा पर रोक लगवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। वहीं, पूर्णेश मोदी ने भी कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें सुने बिना फैसला नहीं दिया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।